श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 216, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 4 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

जी20 बैठक कराने पर पाकिस्तान और चीन की आपत्ति को खारिज कर दिया, हमें अपने देश के किसी भी हिस्से में बैठक करने का अधिकार

2047 तक विकसित हो जाएगा भारत: मोदी

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में जी20 बैठक कराने पर पाकिस्तान और चीन की आपत्ति को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के किसी भी हिस्से में बैठक करने का अधिकार है। ये बात उन्होंने पिछले हफ्ते न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कही थी। इस इंटरव्यू की जानकारी रविवार को सामने आई। दरअसल, चीन और पाकिस्तान ने कश्मीर के कुछ इलाकों में जी20 का एक इवेंट आयोजित करवाने पर आपत्ति जताई थी। दोनों देशों ने कहा था कि कश्मीर विवादित क्षेत्र है, इसलिए यहां आयोजन नहीं होना चाहिए।

इसे लेकर पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा सवाल तब जायज होता, जब हम कश्मीर और अरुणाचल में बैठक कराने से बच रहे होते। हमारा देश इतना विशाल, खूबसूरत और विविधताओं से भरा हैं। जब देश में जी20 बैठक हो रही है, तो ये स्वाभाविक है कि देश के हर हिस्से में बैठकें होंगी। इससे पहले 28 अगस्त को चीन ने एक मैप जारी करके अरुणाचल और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया था। पीएम मोदी के इस बयान को चीन की इस हरकत के जवाब के तौर पर भी देखा जा रहा है।

2047 तक विकसित हो जाएगा भारत: पीएम मोदी ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित देश बन जाएगा। तब हमारी जिंदगियों में भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता की कोई जगह नहीं रहेगी। लंबे समय तक दुनिया भारत को 100 करोड़ भूखे लोगों का देश मानती रही, लेकिन अब हम 100 करोड़ महत्वाकांक्षी मन और 200 करोड़ हुनरमंद हाथों का देश बन गए हैं। भारतीयों के पास आज ऐसे विकास की बुनियाद रखने का मौका है, जिसे अगले हजार साल तक याद रखा जाएगा। शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की सूची में हमने एक दशक से कम समय में पांच पायदानों की छलांग मारी है। जल्द ही भारत दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

जी20 में हमारी कही बातों को दुनिया भविष्य का रोडमैप मानती है: पीएम ने कहा कि सबका साथ सबका विकास देश ही नहीं, दुनिया के लिए भी राह दिखाने वाला सिद्धांत बन सकता है।

पीएम ने साइबर अपराध को लेकर चिंता जताई

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर चिंता जताई है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध, सामाजिक और भू-राजनीतिक तनाव उत्पन्न कर सकते हैं। एक इंटरव्यू में साइबर अपराध से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं और डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का फायदा उठा रहे हैं।

निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत: प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि साइबर अपराधों के सामाजिक, भू-राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं और इससे निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक का अनुमान है कि साइबर हमलों से 2019-2023 के दौरान दुनिया को लगभग 5.2 ट्रिलियन अमरीकी डालर का नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका प्रभाव सिर्फ वित्त तक ही सीमित नहीं है। इसके सामाजिक और भू-राजनीतिक प्रभाव भी हो सकते हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं।

तकनीक का फायदा उठा रहे आतंकवादी संगठन

पीएम ने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स की कमाई को आतंकी फंडिंग के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और अपने नापाक इरादों के लिए डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथ, मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर ड्रग्स और आतंकवाद तक धन पहुंचाने के लिए नेटवर्क प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा है। साइबर स्पेस ने अवैध वित्तीय गतिविधियों और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बिल्कुल नया आयाम पेश किया है। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों का देश के सामाजिक ताने-बाने पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

'डीप फेक' चिंता का विषय

मोदी ने कहा कि डीप फेक के प्रसार से अराजकता फैल सकती है और समाचार स्रोतों की विश्वसनीयता को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरें और 'डीप फेक' तकनीक का इस्तेमाल सामाजिक अशांति को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए, यह हर ग्रुप, हर देश और हर परिवार के लिए चिंता का विषय है। यही कारण है कि हमने इसे प्राथमिकता के रूप में लिया है। बता दें कि, 13 दिसंबर, 2022 को संसद में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 2019 से 2022 के बीच भारत में 16 लाख से अधिक साइबर अपराध के मामले सामने आए हैं, जिसके बाद 32,000 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं।

वन नेशन-वन इलेक्शन' का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला: राहुल

नई दिल्ली: 'एक देश-एक चुनाव' के मुद्दे पर राजनीति शुरू हो गई है। 3 सितंबर को इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटर) पर लिखा- इंडिया यानी भारत, यह राज्यों का संघ है।

'वन नेशन-वन इलेक्शन' का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला है। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 'एक देश-एक चुनाव' को भाजपा की साजिश बताया। ये भी कहा कि वो (भाजपा सरकार) कहते हैं कि इससे चुनावी खर्च में कमी आएगी, लेकिन इससे पहले वे अपना भ्रष्टाचार रोकें। केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति को कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। उन्हें इससे राजनीति को दूर रखना चाहिए। जो कमेटी बनाई गई है, वो भाजपा की बात को ही फॉलो करेगी। यह तानाशाही है।

इसरो ने आदित्य एल1 स्पेसक्रॉफ्ट की ऑर्बिट बढ़ाई

बेंगलुरु: इसरो के वैज्ञानिकों ने रविवार 3 सितंबर को आदित्य एल1 स्पेसक्रॉफ्ट की ऑर्बिट बढ़ाई। अब ये पृथ्वी की 245 डे-22459 किमी की कक्षा में आ गया है। यानी उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 245 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 22459 किमी है। इसरो ने बताया कि अब 5 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे एक बार फिर आदित्य की कक्षा बढ़ाई जाएगी। इसके लिए कुछ देर इंजन फायर करने पड़ेंगे। आदित्य को 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था।

स्लीप मोड में गया प्रज्ञान रोवर

रोवर ने शिवशक्ति लैंडिंग पॉइंट से 100 मीटर की दूरी तय कर ली: इसरो



बेंगलुरु: इसरो ने बताया कि प्रज्ञान रोवर ने अपना काम पूरा कर लिया है। इसे अब सुरक्षित रूप से पार्क कर स्लीप मोड में सेट किया गया है। इसमें लगे दोनों पेलोड और अब बंद हैं। इन पेलोड से डेटा लैंडर के जरिए पृथ्वी तक पहुंचा दिया गया है।

बैटरी भी पूरी तरह चार्ज है। रोवर को ऐसी दिशा में रखा गया है कि 22 सितंबर 2023 को जब चांद पर अगला सूर्योदय होगा तो सूर्य का प्रकाश सौर पैनलों पर पड़े। इसके रिसीवर को भी चालू रखा गया है। उम्मीद की जा रही है कि 22 सितंबर को ये फिर से काम करना शुरू करेगा। चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। रोवर-लैंडर सूर्य की रोशनी में तो पावर जनरेट कर सकते हैं, लेकिन रात होने पर पावर जनरेशन प्रोसेस रुक जाएगी। पावर जनरेशन नहीं होगा तो इलेक्ट्रॉनिक्स भयंकर ठंड को झेल नहीं पाएंगे और खराब हो जाएंगे।

रोवर ने तय की 100 मीटर की दूरी: इससे पहले दिन में इसरो ने बताया था कि रोवर ने शिवशक्ति लैंडिंग पॉइंट से 100 मीटर की दूरी तय कर ली है। लैंडर और रोवर के बीच की दूरी का ग्राफ भी शेयर किया था। विक्रम लैंडर 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरा था। रोवर को यह दूरी तय करने में 10 दिन लगे। छह पहियों वाले प्रज्ञान रोवर का वजन 26 किलो है।

आर. रवि कन्नन को 2023 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड मिला



असम: असम के सिलचर में कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आर. रवि कन्नन को 2023 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड दिया गया है। बड़े शहरों में कैंसर इलाज पर जहां 15 लाख रुपए तक खर्च होते हैं, वहीं सीसीएचआरसी में एक लाख रुपए में इलाज हो जाता है।

असम के छोटे से शहर सिलचर में कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर आज चर्चा में है... और वजह है इसके डायरेक्टर आर. रवि कन्नन। जिन्हें 2023 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड दिया गया है। बड़े शहरों में कैंसर इलाज पर जहां 15 लाख रुपए तक खर्च होते हैं, वहीं सीसीएचआरसी में एक लाख रुपए में इलाज हो जाता है। यह सब डॉ. कन्नन की कोशिशों के चलते संभव हो पाया है। इसलिए सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आर रवि कन्नन को एशिया का नोबेल कहे जाने वाला सम्मान दिया गया है। यह बदलाव कैसे संभव हुआ, डॉ. कन्नन ने पूरी कहानी भास्कर के डी. कुमार से साझा की।

डॉ. कन्नन ने बताया- 21 साल पहले एक सेमिनार में हिस्सा लेने सिलचर आया था, तब पता नहीं था कि कंधों पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी आने वाली है। जब चेन्नई के अडयार कैंसर इंस्टीट्यूट में था, तब भी यही सोच थी कि कैंसर के हर मरीज को इलाज मिलना चाहिए।

जेनेरिक दवाओं से कैंसर का उपचार: 2007 में जब सिलचर में काम शुरू किया तो न अस्पताल के पास पैसा था और न ही मरीजों के पास। हमने हरसंभव जगह पर खर्च घटाया। जैसे जेनेरिक दवाइयों का उपयोग, प्राइवेट वार्ड नहीं बनाना आदि। क्योंकि यह खर्च या तो मरीज के हिस्से आएगा या अस्पताल के।

घमंडिया और परिवारवादी गठबंधन हमारी संस्कृति, धर्म और संस्कारों पर बहुत गहरा आघात करने का प्रयास कर रहा: नड्डा

कमलनाथ की सरकार 'करप्टनाथ' थी: नड्डा

सतना: मध्यप्रदेश में बीजेपी ने भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट से जन आशीर्वाद यात्रा का आगाज किया। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चित्रकूट के मिचकुरिन गांव से जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया को घमंडिया बताया। उन्होंने कमलनाथ को करप्टनाथ बताते हुए कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार से युक्त सरकार थी। सभा में सीएम शिवराज सिंह चौहान, बीजेपी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा समेत कई नेता मौजूद रहे।

तमिलनाडु के सीएम के बेटे पर भड़के नड्डा: भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सनातन धर्म पर दिए विवादित बयान के लिए तमिलनाडु के सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालिन पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा, 'दुखी और आक्रोशित होकर यह बात कह रहा हूं कि यह घमंडिया और परिवारवादी गठबंधन हमारी संस्कृति, धर्म और संस्कारों पर बहुत गहरा आघात करने का प्रयास कर रहा है।' 'इस गठबंधन का सबसे बड़ा और मजबूत घटक डीएमके है। इस दल के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन (तमिलनाडु) का बेटा उदयनिधि स्टालिन सनातन धर्म को समाप्त करने का उद्घोष करता है। यह बात तब कही, जब 3 दिन पहले मुंबई में बैठकर ये गलबहियां कर अपनी रणनीति तैयार कर रहे थे।

समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के लिए तीन दिन दिल्ली में मंथन करेंगे कमांडर

नई दिल्ली: भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के इरादे से भारतीय नौसेना के कमांडर 04 से 06 सितंबर तक दिल्ली में विचार मंथन करेंगे। नौसेना कमांडर हथियारों और सेंसर के प्रदर्शन तथा भारतीय नौसेना के प्लेटफार्मों की तैयारी की समीक्षा भी करेंगे। 2023 में नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का यह दूसरा संस्करण नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के तरीकों की तलाश करेगा। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट भी नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 2023 के नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 04 से 06 सितंबर तक नई दिल्ली में निर्धारित है। यह सम्मेलन शीर्ष स्तर का द्विवार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें नौसेना कमांडर महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर विचार-विमर्श करेंगे। 'हाइब्रिड' प्रारूप में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की।

सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की

स्टालिन के बेटे ने सनातन धर्म को बीमारी बताया

चेन्नई: तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की है। उदयनिधि ने कहा- मच्छर, डेंगू, फीवर, मलेरिया और कोरोना ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। उदयनिधि तमिलनाडु के युवा मामलों के मंत्री भी हैं। उनके इस बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। वहीं भाजपा ने कहा- इनकी हकीकत यही है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को बताना चाहिए कि क्या वे इस बयान का समर्थन करते हैं। उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एक वकील ने दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। उदयनिधि ने सनातन उन्मूलन कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कार्यक्रम के नाम की भी तारीफ की। उन्होंने कहा- सनातन क्या है? सनातन शब्द संस्कृत से आता है। ये समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। सनातन का अर्थ होता है- स्थायी यानी ऐसी चीज जिसे बदला नहीं जा सकता। जिस पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सकता।

उदयनिधि के बयान पर संत और नेताओं ने क्या कहा: राम जन्मभूमि के प्रमुख पुजारी आचार्य सतेंद्र दास ने कहा- सनातन धर्म को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं किया जा सकता है। ये धर्म सदियों से चला आ रहा है और सदियों तक चलता रहेगा। उदयनिधि को सनातन का असल मतलब नहीं पता है। वे जो भी कह रहे हैं वो बिल्कुल गलत है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान ने कहा- तमिलनाडु के कुछ लोगों की हकीकत अब सामने आ रही है। कुछ दिन पहले ही हमने काशी-तमिल समागम का आयोजन किया था और तमिलनाडु के हर गांव में भगवान जगन्नाथ की पूजा की जाती है।

अरविंद केजरीवाल को सुनने के लिए बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र से हजारों लोगों पहुंचे भिवानी

भिवानी

भिवानी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वह पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवत मान वह प्रदेश के अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता को सुनने के लिए बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र से हजारों ग्रामीण जिला सचिव राकेश चांदवास की अध्यक्षता में भिवानी पहुंचे हजारों ग्रामीणों को रवाना करते हुए राकेश चांदवास ने कहा है कि भिवानी के शपथ ग्रहण समारोह से हरियाणा प्रदेश में बदलाव की लहर शुरू हो गई है तथा आप पार्टी के सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपने गृह जिले से 2024 की सरकार की नींव रख दी है अरविंद केजरीवाल ने आज 4000 से ज्यादा पदाधिकारी को शपथ दिलाई है तथा पदाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि 2024 में हरियाणा प्रदेश में आम आदमी पार्टी के सरकार बनाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करेंगे आगे राकेश चांदवास ने कहा है कि पूरे प्रदेश में बदलाव के लहर चल गई है आम आदमी पार्टी ने जिस प्रकार से दिल्ली और

पंजाब में शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी चिकित्सा दिल्ली प्रदेश के लोगों को बिजली फ्री देना पंजाब के लोगों को बिजली फ्री देना मोहल्ला क्लीनिक खोलना बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा फ्री करवाना महिलाओं का सम्मान बरकरार रखना जैसे काम करके देश में एक अग्रणी सरकार देने का काम किया है ।

टॉय पार्क के माध्यम से पीएम मोदी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही योगी

एक साल में उत्पादन शुरू कर सकता है यीडा टॉय पार्क

लखनऊ: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत व मेक इन इंडिया मिशन को साकार करने में यूपी अग्रणी राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस दिशा में सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश में कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में निमाणार्धीन टॉय पार्क क्लस्टर भी इसमें एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहा है। सेक्टर 33 में स्थापित हो रहे इस टॉय पार्क में लगातार औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम किया जा रहा है। संभावना है कि अगले एक वर्ष में यहां लगने वाली औद्योगिक इकाइयां अपना उत्पादन भी शुरू कर देंगी। यानि जल्द ही इस टॉय पार्क की मदद से भारत की खिलौना मार्केट चीन को पछाड़कर विश्वपटल पर अपनी बादशाहत कायम करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि भारत में बनने वाला खिलौना दुनिया के करीब 50 देशों में एक्सपोर्ट किया जाता है। इस टॉय पार्क के निर्माण के बाद अधिक उत्पादन के साथ ही अधिक एक्सपोर्ट भी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

142 भूखंडों का किया गया आवंटन: यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अध्यक्ष अनिल कुमार सागर ने शनिवार को ही सेक्टर 33 में स्थापित किए जा रहे टॉय पार्क मैं औद्योगिक इकाइयों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 33 में 100 एकड़ क्षेत्रफल पर टॉय पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा इसमें विभिन्न श्रेणी के 142 भूखंडों का आवंटन किया गया है, जिनमें से 91 इकाइयों को चैक लिस्ट जारी की जा चुकी है ।

खबर संक्षेप

कौंधियारा शिक्षक को पितृशोक पर शोकसभा

जारी। विकासखण्ड कौंधियारा में कार्यरत शिक्षक/ए आर पी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल के 85 वर्षीय पिता श्री रमाशंकर शुक्ल निवासी चांद खमरिया का कल शुक्रवार को प्रयागराज के स्वरूपरानी में निधन हो गया है। कौंधियारा मुख्यालय पर महेश चन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में एक शोक सभा हुई जिसमें शिक्षकों ने दिवंगत आत्मा के शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा में अनिल कुमार सिंह, अनुराग पाण्डेय, विनोद मल्ल, सुरेश कुमार मिश्र, संदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रभा शंकर ओझा, राजधर दुबे, रमेश चन्द्र पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, अनिमेष कुमार श्रीवास्तव, हेमंत त्रिपाठी, दुर्गेश मिश्र, फिदाहुसैन, मो. इमदाद, नीलम कुमार शुक्ल सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

शिक्षामित्रों की गुहार पहुंची सांसद के द्वार

तिरंगा यात्रा निकाल किया सांसद आवास का घेराव, सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

जसरा। प्रयागराज रविवार को प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष वसीम अहमद की अगुवाई में जनपद के शिक्षामित्रों ने सांसद आवास का घेराव कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी एवम सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल के आवास पर सैकड़ों महिला व पुरुष शिक्षामित्रों के साथ छः सूत्रीय मांगपत्र देते हुए वसीम अहमद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी की सभा मे वादा किया था कि शिक्षामित्रों की जिम्मेदारी मेरी है। इसलिए वादा पूरा करने की गुहार हम सब लगाने आये हैं। मुख्य रूप से समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक 12 माह व 62 वर्ष की सेवा सुरक्षित करते हुए सम्मानजनक वेतन/मानदेय देने सहित कुल 6 मांगे शामिल रहीं। दोनो सांसदों ने मांगों को सरकार तक पहुंचाकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। संरक्षक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि विगत 22 वर्षों से बेसिक शिक्षा में सेवा देने के बाद भी हम सब सरकार की उदासीनता का दंश झेलने को मजबूर हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि यदि समय रहते हमारी मांगें पूरी न हुई तो आगामी 9 अक्टूबर को शिक्षामित्र राजधानी लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने को बाध्य होगा। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से सुनील तिवारी, जनार्दन पाण्डेय, शरद मिश्रा, दशरथ भारती, प्रताप बहादुर सिंह, रीता पाण्डेय, आशा देवी, शारदा देवी, नाहिद, रीता शुक्ला, संगीता मिश्रा, विनय सिंह, सरोज सिंह यादव, महेंद्र पाण्डेय, सुमन्त भार्गव, कमलाकर सिंह, विजय प्रकाश सोनकर, वीरेंद्र यादव, राघवेंद्र सिंह, सिद्धराज सिंह, रंजीत यादव, हरिभान सिंह, अमर बहादुर सहित सैकड़ों महिला पुरुष शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

परिवर्तन समाज पार्टी वंचित समाज को राजनीति में आगे लाने के लिए वचन बद्ध : कृष्ण कुमार

मांडा के गिरधर पुर में पार्टी के संस्थापक की मनाई गई पांचवी पूर्ण तिथि

अखंड भारत संदेश

मेजा। हमारी पार्टी दलित पिछड़ा वंचित समाज को राजनीति में आगे लाने के लिए वचन बद्ध है उक्त उदगार परिवर्तन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार साहू ने मेजा विधान सभा क्षेत्र के गिरधर पुर मांडा में परिवर्तन समाज पार्टी के संस्थापक ई0 राम लाल साहू पांचवी पुर्ण तिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए उन्होंने कहा कि समस्त वंचित समाज अब हमारे साथ सभी को जागरूक होने का अब समय आ गया है यदि सभी लोग जाग जायेगे तो राजनैतिक विकास अपने आप हो जायेगा। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश साहू विधान सभा अध्यक्ष भोला नाथ सोनकर ने सामुहिक रूप अपने वक्तव्य मे कहा कि हम सभी लोगो को गुमराह किया गया है कि अब गुमराह करना आसान नहीं होगा। कार्यक्रम की परिवर्तन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता पार्टी की नीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि परिवर्तन समाज पार्टी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक लोगो को उनका हक दिलाने का काम करेगी जो आज तक अन्य पार्टियां नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन समाज पार्टी का मुख्य उद्देश्य परिवर्तन लाना है। पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सावरा, व जिला अध्यक्ष उषा उज्जवल ने अपने संगीत के माध्यम से उपस्थिति जनसमुदाय को जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूवात राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी एव सविधान रचयिता बाबा साहब अम्बेडकर तथा पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय राम लाल साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रगान गा कर भारत माता की जयकारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर चंद्रिका साहू, जितेंद्र विन्द, पप्पू गुप्ता, तेजवहादुर, प्रकाश गुप्ता, अनुपम गुप्ता, सेठ लाल, वेचन लाल, मानिक चंद्र, विंदु प्रजापति , नंद लाल गुप्ता प्रदेश महासचिव, प्रदेश प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता, अल्पसख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, अब्दुल कलाम, प्रदेश सचिव अनिल मौर्य, विष्णु कांत गुप्ता, पवन कुमार, श्याम लाल गुप्ता, विनोद विश्वकर्मा, राम जी साहू, अनिल साहू, नंद लाल, जितेंद्र, गुप्ता, ओम प्रकाश दुबे, विकास सोनकर, विनोद गुप्ता दीपक गौड़ तथा सन्तोष पाल, आदि के अलावा कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

देवी देवताओं की मूर्तियां बेंच कमाई करने में जुटे बंगाल के कलाकार

मेजा। यदि हाथों से नवरात्रि के दो दिन तक में हुनर हो तो मनुष्य किसी किसी भी जगह पर अपना काम कर धन कमा सकता है। ऐसा ही कुछ काम कोलकाता के पश्चिम बंगाल के विभिन्न गांव के दुर्गा पंडाल में मूर्ति रखकर नौ दिनों तक पूजा करने वाले धार्मिक लोगों को अपनी ओर खींच रखा है। बंगाल से अपनी टीम के साथ पहुंचे मुंगल पाल, शिवकुमार, कल्लू पाल ने बताया कि वह सभी मेजा के सोरांव पांती गांव में एक किराए के कमरे पर कई वर्षों से इस धंधे में जुटे रहकर दुर्गा की प्रतिमाएं बेच घर को लौट जाते हैं। बताया कि अब तक 180 मूर्तियां उसने व टीम ने बना रखी हैं । इन मूर्तियों पर रंग रोगन सहित अन्य काम अभी बाकी है। इन मूर्तियों को बनाने में जो सामग्री प्रयुक्त होती है उसे साथ लाते हैं। जबकि मिट्टी, पुआल, बांस इस क्षेत्र से खरीद लिया जाता है। अब तक दुर्गा व गणेश भगवान की आधी दर्जन मूर्तियों का आर्डर मिल चुका है। अभी नवरात्रि के लिए एक माह 14 दिन समय बाकी है।

भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया जागरूकता अभियान

करछना। प्रयागराज महिला सशक्तिकरण के तहत भाजपा महिला मोर्चा की ओर से भाजपा समर्थक मंच आयोजित करके जन - जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है । करछना विधानसभा क्षेत्र के रोकड़ी गांव में भाजपा महिला महिला मोर्चा प्रयागराज के जिला अध्यक्ष वंदना तिवारी की अध्यक्षता में भाजपा समर्थक मंच आयोजित हुआ। जिसमें महिलाओं की भीड़ जुटी रही। वहीं वक्ताओं की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों को एक-एक करके गिनाया गया। और उनकी ओर से महिलाओं को प्रदान किए गए अधिकारों को भी लोगों के बीच बताया गया । कार्यक्रम का संचालन दीपक श्रीवास्तव ने किया । इस मौके पर भाजपा समर्थक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव राष्ट्रीय संगठन महामंत्री दीपक श्रीवास्तव प्रदेश मंत्री श्रद्धा शुक्ला कानपुर मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ पवन श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष प्रयागराज पंकज मिश्र सुनील कुमार पांडेय अधिवक्ता मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव असद हरीश प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष अधिवक्ता मोर्चा के अलावा रामअभिलाष तिवारी अनिल कुमार तिवारी आरती शर्मा देवानंद तिवारी सहित भारी संख्या में महिलाएं लोग मौजूद रही।

कांग्रेसियों ने मनाई कमलापति त्रिपाठी की जयंती

सहसों। बैठक आयोजित कर कांग्रेसियों ने नमन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री, रेल मंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की 118वीं जयंती मनायी। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़कर भाग लेते हुए कई बार जेल गए। वे एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनेता, लेखक, विद्वान होते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा बाद में रेल मंत्री बने एवं अपने कार्यकाल में ही रेल बजट पेश किया। उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए सभी कांग्रेस जनों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन कर याद किया। इस अवसर पर गोविंद सिंह, दिलीप दूबे, सूर्यकांत दूबे, तहजीब उल हसन, हुबलाल पासी आदि उपस्थित रहे।

आग का गोला बन गया घर गृहस्थी जलकर हुई राख

रात में कब लगी आग किसी को पता नहीं, सुबह लपटें देख हैरान रह गए लोग

रत्योरा। थाना क्षेत्र के गोबरी गांव में बीती रात्रि को एक घर आग का गोला बन गया। घर के अंदर रखे संपूर्ण गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गए। सुबह जब लोग जगे तो देखा कि पूरा घर आग का गोला बन गया है। आग की लपटे इतनी भयावत थी कि लोग जब तक बेकाबू आग पर काबू पाते तब तक घर के अंदर रखें गृहस्थी के संपूर्ण सामान जलकर राख हो गए थे। जानकारी के मुताबिक सविता विश्वकर्मा पत्नी भूपेंद्र विश्वकर्मा निवासी गोबरी थाना कोरांव गांव की रोजगार सेवक हैं। शाम को भोजन बनाने के उपरांत पति-पत्नी व बच्चे भोजन करने के बाद सो गए। रसोईं की आग कब उपली में पहुंच गई और वह धीरे-धीरे सुलगते हुए सुबह तक विकराल रूप धारण कर लिया। जब लोग सुबह जगे तो देखा कि पूरा घर आग के आगोश में आ गया है। ग्रामीण आग पर काबू पाने की कोशिश तो किए लेकिन तब तक टीनशेड व खपरैलनुमा घर जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी सविता ने बताया कि घर के अंदर तकरीबन चार कुंतल चावल, 8 कुंतल गेहूं समेत गृहस्थी के पूरे सामान कपड़े आदि व कुछ नकद रुपए जलकर राख हो गए हैं। सुबह मामले की सूचना हल्का लेखपाल को दी गई। जिस पर हल्का लेखपाल ने आगजनी से हुए नुकसान का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपने की बात कही है।

न्यूज झरोखा

श्री श्री बाल रामलीला समिति द्वारा सुंदर कांड पाठ का हुआ आयोजन

प्रयागराज। श्री श्री बाल राम लीला समिति सिविल लाइन प्रयागराज द्वारा आज श्रीराम लीला के मंचन के लिए कलाकारो का चयनित होगया जिसके लिए रामलीला का पूर्वाभ्यास केन्द्र निकट पीवीआर पर कलाकार मंडल तथा समिति के सम्मानित पदाधिकारीगण सदस्यगण एवं शुभचिंतको के द्वारा सुन्दर कांड के पाठ के साथ प्रारंभ किया गया। श्री श्री बाल रामलीला समिति इस वर्ष 45वे वर्ष रामलीला का आयोजन करने जा रही है। इसके अलावा कुछ कलाकारो के चयन के साथ समाप्त होगा इच्छुक स्टेज आर्टिस्ट नये कलाकार आमंत्रित है ध्यान रहे यह श्री राम लीला पूर्णरूपेण पारंपरिक है संपूर्ण प्रयागराज मे सम्भवत कही नही है। सुंदर कांड पाठ में पूजा अर्चना श्री श्री बाल रामलीला समिति के अध्यक्ष अमित सिंह बबलू वा महामंत्री अजीत सिंह ने किया । कार्यक्रम के दौरान अतिथि डॉक्टर सुभाष की यादव, सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष उमंग ग्रोवर, डॉ. अक्षत दुबे, अरविंद यादव, नामित श्रीवास्तव, सिविल लाइंस पार्षद बबलू सिंह रघुवंशी, शिव सिंह, सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष विशाल कनौजिया , नीरज खेड़ा, नमित श्रीवास्तव, हरीश पासवान, पूर्व वरिष्ठ पार्षद अशोक सिंह, मनीष जेठवानी, जिला महिला उद्योग व्यापार मंडल की अध्यक्ष अवंतिका टंडन, रोहित बत्रा, बृजेश पटेल, राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी पंकज चौधरी मौजूद रहे।

मांडा महेवा कलां की अदिति यूपी में बनी सिविल जज

मेजा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा-2022 का परिणाम घोषित कर दिया है। मूलतः महेवा कलां, मांडा, प्रयागराज जिले के होनहार अदिति श्रीवास्तव ने इस परीक्षा में 58वीं रैंक प्रथम प्रयास में हासिल किया। इससे उनके परिजनों व गांव में खुशी का माहौल है। तमाम लोगों ने टेलीफोन से व घर पर पहुंचकर अदिति को बधाई दी। अदिति की प्रारंभिक शिक्षा महर्षि पतंजलि विद्यालय फाफामऊ, हाईस्कूल व इंटर डीपीएस प्रयागराज, काशी हिंदू विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में एलएलबी की परीक्षा पास की और वर्तमान में एलएलएम द्वितीय वर्ष की पढ़ाई करते हुए परीक्षा की तैयारी की।अदिति श्रीवास्तव के पिता आशुतोष उर्फ बबलू श्रीवास्तव इंडियन बैंक मुख्य प्रबंधक के पद से बीते वर्ष सेवानिवृत्त हुए है और उनकी मां डॉ कीर्ति श्रीवास्तव गृहिणी हैं। उनके चाचा आशीष श्रीवास्तव हाईकोर्ट प्रयागराज में अधिवक्ता है और छोटे चाचा अवधेश श्रीवास्तव एक प्रतिष्ठित टाइल्स कंपनी में जनरल मैनेजर है। अदिति श्रीवास्तव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, चाचा के साथ ही गुरुजनों को दिया। गांव के गुलाबचंद्र पांडेय, राजकुमार मिश्र, शिवशंकर पांडेय, अश्वनी श्रीवास्तव, देवीप्रसाद वैश्य,दीपक श्रीवास्तव, रजनीश मिश्र,लिटिल श्रीवास्तव,अजय पांडेय, हरिशंकर प्रजापति, रामप्रसाद वर्मा,रमाशंकर शर्मा,दिनेश शर्मा आदि ने बधाई दी।

जमुनापार करछना क्षेत्र के ज्योतिषी कमलेश ओझा का निधन



करछना के भडेवरा गांव निवासी रहे अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक कमलेश प्रसाद ओझा ज्योतिषी 70 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद शहर स्थित नाजरेथ अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी रविवार शाम को मौत हो गई। देर शाम उनका शव जब घर पहुंचा तो परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा। गौरतलब है कि कमलेश प्रसाद ज्योतिषी यमुनापार के एक प्रसिद्ध ज्योतिषी के रूप में माने जाते थे। कमलेश प्रसाद ज्योतिषी के पुत्र आलोक ओझा व आनंद ओझा ने बताया कि सोमवार सुबह उनकी शव यात्रा निकलेगी । और करछना के मनैया गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक घायल

सहसों। प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर गांव के सामने दो बाइकों की आपस में रविवार दोपहर 11:30 बजे टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक घायल हो गया है। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों बाजार निवासी राजू केसरवानी पुत्र स्वर्गीय गिरधारी लाल केसरवानी बाइक से अपनी बेटी को फूलपुर से दवा दिलाकर वापस सहसों अपने घर आ रहा थे। जैसे ही वह थानापुर स्थित सेमरी गेट के सामने पहुंचा एक दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें राजू का दाहिना पैर टूट गया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने ले जाकर अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कर दिया है।

अवैध देशी बम के साथ झूसी पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

झूंसी। पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अभिषेक कुमार पुत्र जगनारायण राम निवासी पुरानी झूंसी हवेलिया थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को पंचायत भवन के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से पांच अदद अवैध देशी बम किया बरामद उक्त बरामदगी गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झूंसी में पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 नवीन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी छतनाग थाना झूंसी उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार यादव, थाना झूंसी।

मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम के तहत जंघई मंडल में कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश

जंघई। मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम के तहत रविवार को जंघई मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि आने वाला समय ह्यअमृतकालह्न का है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में घोषणा की थी कि शहीद बहादुरों के सम्मान के लिए स्वतंत्रता दिवस से पहले ऐसा अभियान शुरू किया जाएगा।बहुत समय के बाद भारत ने ये पल देखा होगा, जिसमें ऐसा कोई भी घर नहीं था जिस पर तिरंगा न दिख रहा हो ऑफिस, घर, झोपड़ी, महल और हर बिल्डिंग को तिरंगे से सुशोभित किया गया शायद आजादी के समय भी इतने तिरंगे नहीं दिखे होंगे, जितना पीएम मोदी के आह्वान पर तिरंगे फहराए गए हैं।भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा जैसे विभिन्न कार्यक्रम के बाद अब मेरी माटी मेरा देश अभियान की तैयारी बैठक रविवार को भाजपा जंघई मंडल में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता एवं संचालन महामंत्री एडवोकेट कुशलेश दुबे ने किया। मेरी माटी मेरा देश अभियान की जानकारी देते हुए बताया गया कि 8 सितंबर से 13 सितंबर तक ग्राम सभा एवं वार्ड में सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर से मिट्टी संग्रह करते हुए उसे एक कलश में भरा जाएगा। प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जाएगी। इसी तरह नगरीय क्षेत्र में प्रत्येक घर से एक मुट्ठी चावल संग्रह करते हुए उसे कलश में भरा जाएगा। इसके अलावा गांवों तथा नगर में प्रत्येक वार्ड में पंच प्रण प्रतिज्ञा को सामूहिक रूप से लागू किया जाएगा,14, 15 सितंबर से सभी कलश ग्राम सभाओं एवं नगरीय वार्ड से ब्लॉक तथा निकाय कार्यालय पहुंचाए जाएंगे। जिसमें युवा, महिला, किसान अधिवक्ता, शिक्षक जैसे अलग-अलग वर्ग के लोगों की सहभागिता होगी। इस अवसर पर राजा मौर्य अखिलेश पांडेय, संतोष पांडेय,राहुल दुबे, मनोज दुबे, मनोज मौर्य, विजय शंकर शुक्ला, रमेश केसरवानी, मनोज श्रीवास्तव, कुलदीप जायसवाल, आशीष सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

पेट दर्द के इलाज के दौरान युवक की गई जान

मृत होने के बाद अस्पताल से बाहर कर देने का आरोप

रत्योरा। खीरी थाना क्षेत्र के लेडियारी बाजार के एक निजी अस्पताल में रविवार को पेट दर्द होने पर झोला छाप डॉक्टर के इलाज करते समय युवक की गई जान चली गयी। परिजनों ने युवक का कब्रिस्तान में दफना दिया । जानकारी के मुताबिक अलाउद्दीन (28) पुत्र रज्जाक अली को पेट दर्द होने लगा। परिजन रविवार सुबह उसे लेकर लेडियारी स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज चल रहा था, इसी बीच उसकी जान चली गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों की लापरवाही से उसकी जान गई है। गरीब परिवार होने के कारण डॉक्टरो ने मृतक के शव को अस्पताल से बाहर कर दिया और परिजन गिड़गिड़ाते रह गए। आरोप है कि उक्त निजी अस्पताल में लकवा आदि का महंगा इलाज कर गरीबों का शोषण किया जाता है। जब लोग महगा इलाज का पैसा नहीं दे पाते तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और मरीज को दूसरी जगह जाने के लिए विवश कर दिया जाता है। मृतक को दो लड़की एक लड़का है। घटना के बाद स्वजनों का रो - रो कर बुरा हाल है था। इस संबंध में सीएचसी कोराव के प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर उमेश कुमार से शिकायत की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

महिला के साथ की अश्लील हरकत 3 के खिलाफ मुकदमा

मऊआइमा। घर मे बैठी महिला को गालियां देते हुए दबंगो द्वारा घर मे घुस कर घसीट घसीट कर मारा पीटा गया और तोड़फोड़ की गई तथा अश्लील हरकतें करते हुए कपड़े फाड़ दिए। महिला ने थाने में तहरीर दे कर तीन के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मरखा मऊ गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि वह अपने घर मे बैठी हुई थी ।तभी विपक्षी पुरानी रंजिश को लेकर गालिया देते हुए घर मे घुस आए और घर मे रखा समानो को तोड़फोड़ करने लगे।आरोप है कि महिला के मना करने पर घसीट घसीट कर मारे पीटे तथा अश्लील हरकतें करते हुए कपड़ा फाड़ दिए।और कहे कि कही शिकायत की तो जान से मार देंगे।महिला ने थाने में तहरीर दे कर गांव के ही अच्छे उर्फ आजम,इकबाल उर्फ बनने,शाहजहां पत्नी लियाकत के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है।

गांवो में बढ़ा मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप, फॉगिंग कराए जाने की मांग

अखंड भारत संदेश

कई वर्षों से गांवो में नहीं हो रहा है दवाओं का छिड़काव शासन ने जिलाधिकारियों को जारी किया है पत्र

छिड़काव कराए जाने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस में भी की गई है शिकायत

रत्योरा। बीते कई वर्षों से गांवो में मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए फागिंग नहीं कराई जा रही है। इस समय कोरांव तहसील क्षेत्र के अधिकांशतः गांवो में मच्छर जनित बीमारियां फैल चुकी हैं। लोग मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड आदि प्रकार के बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। दशक भर पहले नियमानुसार गांवो में प्रत्येक वर्ष मच्छर जनित व संक्रामक बीमारियों को रोकने के लिए डीडीटी इत्यादि दवाओं का समय-समय पर छिड़काव किया जाता था। लेकिन कई वर्षों से गांवो में किसी भी प्रकार के दवाओं का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। जिससे गावों में मच्छर जनित संक्रामक बीमारियां तेजी के साथ फैल रही हैं। क्षेत्र के मड़फा कला गांव के अधिवक्ता पुष्कर सिंह ने शनिवार को तहसील कोरांव में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराया है कि मेरे गांव में इस समय मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप तेजी से फैल चुका है। अक्सरतया लोग डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड बुखार से पीड़ित हैं। जिन्हें दवाएं भी काम नहीं कर रही हैं। उन्होंने अपने गांव में शीघ्र डीडीटी दवा का छिड़काव कराए जाने की मांग की है। वैसे शासन की ओर से दो सितंबर को समस्त जिलाधिकारियों को गांवो में डीडीटी दवा का छिड़काव कराए जाने हेतु पत्र जारी किया गया है। जिससे अब यह आस जगी है कि मच्छर जनित व संक्रामक बीमारियों को रोकने के लिए अब पुनः गांवो में डीडीटी दवा का छिड़काव शीघ्र शुरू होगा और ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों से निजात मिल सकेगी।

निष्क्रिय हुई ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति : गांवो में कोई संक्रामक बीमारी न फैले जल भराव के स्थान पर समय-समय पर दवाओं का छिड़काव किया जाता रहे। इसके लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन प्रत्येक ग्राम पंचायतो में किया गया है। बकायदा ग्राम प्रधान व गांव की आशा के साथ खाता भी खुला हुआ है। जिसमें सरकार की ओर से कुछ फंड भी दिया जाता है। लेकिन इस समिति का गांव में कोई असर नहीं दिख रहा है। कहीं भी जल भराव या अन्य स्थानों पर किसी भी प्रकार की किसी दावा या ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किया जाता है। स्थानीय लोगों ने इन समितियों को सक्रिय करने की मांग की गई है।

खबर संक्षेप

संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत

योजना दो के पार्क में बेहोशी की हालत में मिला था वृद्ध अस्पताल में चल रहा था इलाज

झूंसी। आवास विकास कॉलोनी योजना 3 रहने वाले वृद्धि की रविवार को इलाज के दौरान काल्विन हॉस्पिटल मौत हो गई। बता दें की वृद्ध को शनिवार को इलाज के लिए एम्बुलेंश से अस्पताल में भर्ती कराया गया था उसके कुछ घंटे बाद ही अस्पताल ने पुलिस को उसके मौत की सूचना भेजी पुलिस अस्पताल पहुची तब पता चला कि वृद्ध वह जिंदा है। आवास विकास कॉलोनी योजना 3 निवासी दिलीप कुमार पुलिस बूथ के सामने सर्विस लेन पर रफू का काम करता था शनिवार की सुबह योजना दो पार्क में वह अचेत अवस्था मिला मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उसे इलाज के लिए काल्विन हॉस्पिटल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। दिलीप का परिवार उससे अलग रहता था पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

अयोध्या ट्रेन में महिला कॉस्टेबल के लहूलुहान मिलने से इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने स्वतः लिया संज्ञान

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने अयोध्या ट्रेन में महिला कांस्टेबल के खून से लथपथ मिलने की घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने जनहित याचिका कायम की है और राज्य सरकार से जानकारी तलब की है। इस मामले की सुनवाई 4 सितंबर को पेश करने का आदेश दिया है। याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ दोपहर 12 बजे करेगी। कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता एके सण्ड से इस संबंध में जानकारी के साथ मौजूद रहने को कहा है।

ट्रेन में अस्त-व्यस्त कपड़ों में मिली थी महिला कांस्टेबल

अयोध्या में चल रहे सावन झूला मेले में ड्यूटी करने आई महिला सिपाही 31 अगस्त को सरयू एक्सप्रेस में सुबह 4:15 पर पैसेंजर ट्रेन में घायल मिली थी। जिस ट्रेन में मिली थी वो मनकापुर से अयोध्या जाने वाली थी। उसके शरीर और चेहरे पर चाकू के कई निशान मिले थे। घायल सिपाही हनुमानगढ़ी पर तैनात थी। चेहरे की बाईं ओर 15 से ज्यादा टांके आई ब्रो सहित चेहरे पर लगे थे। ज्यादा खून बहने से हालत गंभीर हो गई थी। सुबह 4 बजे अयोध्या जीआरपी ने महिला आरक्षी को घायल अवस्था में ट्रेन से उतारा। महिला सिपाही की ड्यूटी सावन मेले में हनुमान गढ़ी पर रोज सुबह 3 बजे से दोपहर 5:40 तक थी। आशंका है कि वह ट्रेन सरयू एक्सप्रेस में रात को सुल्तानपुर से अयोध्या के लिए निकली। महिला सिपाही नींद के कारण अयोध्या से आगे मनकापुर निकल गई। इस बीच ट्रेन खाली होने के कारण उसके साथ हादसा हो गया।

न्यूज झरोखा

चोरो के हौसले बुलंद, ट्यूबेल से मोटर सहित लाखों का सारा सामान किया पार

लालापुर। अनिल त्रिपाठी (दीपू) पुत्र त्रिलोकीनाथ त्रिपाठी निवासी ग्राम अमिलिया तरहार, थाना लालापुर तहसील बारा ने बताया कि उसकी भूमिधरी भूमि आराजी नं0 359 मौजा मझियारी आमद चायल तहसील बारा थाना लालापुर, जनपद प्रयागराज में है,जिसमें एक ट्यूबवेल लगवाया था, जिसे शनिवार की रात्रि में स्टॉटर केविल, चार पैनल सौर ऊर्जा का रस्सा एवं टियूबवेल से सम्बन्धित सामान अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है।अनिल त्रिपाठी ने लालापुर थाने में लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।बता दें कि इन दिनों लालापुर थाना क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही रही है, जिसका पता लगाने में स्थानीय पुलिस पूरी तरह नाकाम है।अभी कुछ माह पहले लालापुर के चकसुचेर में ग्राम सचिवालय का ताला तोड़कर चोरों द्वारा कम्प्यूटर सहित सारे कागजात चुरा लिया गया था लेकिन पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

डॉ दिनेश शर्मा को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर यमुनापार भाजपाइयों ने दी शुभकामनाएं

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दिनेश शर्मा को उत्तर प्रदेश से राज्यसभा उपचुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने पर यमुनापार के भाजपाइयों ने खुशी व्यक्त कर जीत की शुभकामनाएं जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि ने दी है।

हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं की तीन दिवसीय हड़ताल सोमवार से, बार काउंसिल ने की घोषणा

प्रयागराज। हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज और गाजियाबाद में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या के विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट सहित पूरे प्रदेश के अधिवक्ता सोमवार से न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने बताया पूरे प्रदेश में अधिवक्ता तीन दिनों तक हड़ताल पर रहेंगे। बता दें कि 29 अगस्त को हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज किया गया था। इसके विरोध में 30 अगस्त को अगस्त को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। इसके बाद से हाईकोर्ट में कामकाज ठप ही चल रहा है। बीच में रक्षा बंधन का त्योहर के चलते कोर्ट बंद रहा। सोमवार को कामकाज शुरू होने की संभावना जताई जा रही थी कि यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और जिला अधिवक्ता संघ ने सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा कर दी।

साइबर ठग ने मांगी थी फिरौती छात्र लौटाया घर

अखंड भारत संदेश

झूंसी। थाना क्षेत्र से लापता छात्र घर लौट आया माँ के साथ उसके भाई व बहन छात्र को देख कर भावुक हो गए। पुलिस ने भी छात्र के लौटने पर राहत की सांस ली बताया जाता है कि वह अजमेर शरीफ गया था वहां से वापस लौट आया। वहीं साइबर ठग सोशल मीडिया पर छात्रा गायब होने की पोस्ट देखकर मां से फिरौती मांगी थी पर मां के सवालों से वह उलझ गए जिससे पता चला की फिरौती मांगने वाले ठग है। कोहना निवासी शहजादे अली दिल्ली में कबाड़ का काम करते हैं उनके दो बेटे व एक बेटी मां के साथ नहीं झूंसी में रहते हैं। गुरुवार को दूसरे नंबर का लड़का दस वर्षीय शाहिद अली घर से 2400 रुपये लेकर निकला दूसरे दिन छात्र के गायब होने की सूचना पुलिस के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी डाली गई। सोशल मीडिया पर पड़े पोस्ट को देखकर साइबर ठग ने छात्र के मां के पास फोन कर दो लाख की फिरौती मांगी जब इस बात की जानकारी पुलिस को हुई तो पुलिस महकने में हड़कंप मच गया सर्विलांस की मदद से कॉल करने वाले का पता लगाने में पुलिस जुट गई पर मां के सवालों में साइबर ठग उलझ गया जिससे यह पता चला कि फोन करने वाला कोई ठग है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच कर रही थी कि रविवार की सुबह छात्र घर पहुंच गया तो मां उसे देख भाव हो गई पुलिस को छात्र के लौटने की सूचना दी गई तो पुलिस ने भी राहत की सांस ली पुलिस छात्रा से पूछताछ करने पहुंची पर वह इतना डरा हुआ था कि कुछ नहीं बोल रहा था परिजनों ने ही पूछताछ कर बताया कि वह अजमेर गया था।

पुलिस 30 साल में भी नहीं जुटा सकी अमानत में खयानत के सुबूत, आरोपी बरी

प्रयागराज। किराए पर लिया एक रिक्शा नहीं लौटाने का मुकदमा अदालत में 30 साल तक खिंचा। इन तीन दशकों में आरोपी के खिलाफ पुलिस एक भी ठोस सुबूत नहीं जुटा पाई। हैरान करने वाली बात यह भी रही कि अभियोजन पक्ष मुकदमा दर्ज कराने वाले मुद्दई की गवाही तक नहीं करा पाया। जिला न्यायालय ने अमानत में खयानत के आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है।विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. लकी ने यह फैसला दिया। यह प्रकरण वर्ष 1992 में दारागंज थाने में दर्ज हुआ था। इसमें पूरा पड़ाइन निवासी लालता प्रसाद ने आरोप लगाया था कि जसरा निवासी बृजलाल उससे रिक्शा किराये पर ले गया था, लेकिन उसे लौटाया नहीं। पुलिस ने लालता प्रसाद की तहरीर पर अमानत में खयानत की धारा में दर्ज कर विवेचना की और कोर्ट में बृजलाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बृजलाल की जब अदालत में पेशी हुई तो आरोपी ने खुद को बेगुनाह बताया। अदालत ने अभियोजन पक्ष को साक्ष्य पेश करने का आदेश दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष को बरसों दिए, लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई सुबूत पेश नहीं किया जा सका। चौंकाने वाली बात यह भी रही कि अभियोजन मामले के मुद्दई लालता प्रसाद की गवाही करवाने में असफल रहा। लंबित मामले की सुनवाई शुक्रवार को शुरू हुई तो कोर्ट ने पाया कि 30 साल तक कई मौके दिए जाने के बावजूद अभियोजन की ओर से कोई भी गवाह पेश नहीं किया जा सका। वर्ष 1992 का यह मामला प्राचीनतम वादों में से एक है। अंततः कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाहों के अभाव में आरोपी बृजलाल को बरी कर दिया।

मेरी माटी मेरा देश के तहत लेडियारी सहित यमुनापार के 20 मंडलो पर रविवार को बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। देश के स्वतंत्रता एवं रक्षा हेतू अपना सर्वोच्च वलिदान करने वाले भारत माता के वीर सपूतों-शहीदों के घरों की मिट्टी सर माथें पर लगाकर नमन और वंदन करतें हुए कलशों में लेना गौरव का पल होगा, जिसें गंवाना नहीं है उक्त बातें लेड़ियारी मंडल के वघोल मंदिर परिसर में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने रविवार को सायं ₹मेरी माटी मेरा देश₹ के तहत कार्यकताओं के बैठक को संबोधित करते हुए कही और आगे बताया कि प्रत्येक गांवों के प्रत्येक घरो से एक-एक मुठ्ठी मेरी माटीं को कलश में एकत्रित करते हुए टोलियों के साथ राष्ट्रीय ध्वजों को लेकर भारत माता की जयकार व वन्देमातरम् करते हुए चलना होगा। युवाओं को सर्वोच्च वलिदानियो के गौरवगाथा को बताने का अवसर जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अमृतकाल के तहत दिया है उसे हम सब को हर-हाल में निभाना है। दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने आगे बताया कि प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाना, प्रधानमंत्री के संदेश का शिलापट्ट विद्यालय की दीवारों पर लगवाना,पंच प्रण प्रतिज्ञा का सामूहिक कार्यक्रम कराना आदि के विषय में सभी कार्यक्रमों में कार्यकताओं को शामिल होने की बातें बताई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लेड़ियारी श्यामबाबू केशरी ने करते हुए अतिथियों कार्यकताओं का स्वागत एवं अंत में आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, राकेश द्विवेदी, शत्रुघ्न पांडेय, सूर्य प्रताप सिंह,मनीष पांडेय,बब्बू तिवारी, भूषण दत्त, सनातन मिश्र, तारकेश्वर पाल, कुसुम देवी, अरविंद पाण्डेय,हरेकृष्ण तिवारी आदि के साथ शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल पदाधिकारी वरिष्ठ वर्तमान व पूर्व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि रविवार को यमुनापार जिले के वीसों मंडलों में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष विभवनाथ नाथ भारती ने लालापुर मंडल में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। जिला संयोजक व जिला महामंत्री राजेश शुक्ला ने आगामी योजनाएं बना ली है।

खराब अंडों की आड़ में ले जा रहे थे 30 लाख की शराब, बिहार और झारखंड में होनी थी सप्लाई

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। एसटीएफ ने शुक्रवार को गंगापार के नवाबगंज इलाके में चंडीगढ़ के मोहाली से तस्करी कर बिहार और झारखंड ले जाई जा रही 30 लाख की अंग्रेजी शराब एक डीसीएम से बरामद की। तस्करों ने खराब अंडों की पेटियों के बीच शराब की 162 पेटियां छिपाकर रखी थीं। पुलिस ने डीसीएम चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मुख्य तस्कर के खिलाफ रिपोर्ट कर ली है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम मोहाली जाएगी।एसटीएफ ने एक सूचना के आधार पर शुक्रवार को नवाबगंज स्थित रामायण ढाबा के पास घेराबंदी की। इस दौरान एक डीसीएम को रोककर तलाशी ली गई तो चालक आनंद कुमार निवासी जिंद हरियाणा ने बताया कि गाड़ी में खराब अंडे लदे हैं। पुलिस ने जांच के दौरान खराब अंडों की पेटियां हटाईं तो नीचे शराब पेटियां मिलनी शुरू हो गईं।पुलिस ने डीसीएम से कुल 162 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। एसटीएफ के डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह के मुताबिक बरामद शराब की कीमत लगभग 30 लाख रुपये है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि अंग्रेजी शराब के तस्करी गिरोह का सरगना मोहाली का नवदीप सिंह उर्फ नवी गिरेवाल उर्फ लकी सिंह है। वह देश के ऐसे प्रांतों में शराब की तस्करी करता है, जहां शराबबंदी है।चालक आनंद कुमार ने बताया कि उसे एक खेप के 25 हजार रुपये मिलते हैं। उसे शराब लेकर बिहार जाना था। जहां स्थानीय तस्कर इसकी आपूर्ति बिहार और झारखंड के अलग-अलग शहरों में करते। डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह के मुताबिक नवदीप सिंह को नामजद किया गया है। इसके अलावा गिरोह के अन्य लोगों के साथ बिहार के स्थानीय तस्करों के बारे में जानकारी इकट्ठी की जा रही है। जल्द ही एक टीम सरगना नवदीप सिंह की गिरफ्तारी के लिए मोहाली जाएगी। पकड़े गए डीसीएम चालक आनंद कुमार को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

बाहर दुकान खाली है का बोर्ड, अंदर चलता मिला हुक्का बार, एक गिरफ्तार

प्रयागराज। करेली इलाके के जीटीबी नगर में पुलिस ने रविवार को छापा मारकर हुक्काबार का भंडोफोड़ किया। किसी को इस धंधे पर शक न हो इसके लिए बाहर दुकान खाली है का बोर्ड लगा दिया गया था। लोगों की आवाजाही होने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की तो अंदर का नजारा कुछ और दिखा। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस को शक है कि इस धंधे में मकान मालिक की भी मिलीभगत हो सकती है। उसके खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।जीटीबी नगर में एक मकान पर दुकान खाली है बोर्ड लगाया गया था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि अंदर हुक्काबार चल रहा है। पुलिस ने जब छापा मारा तो वहां पर हुक्का बार का संचालन होता पाया गया। मौके पर एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। पीछे के रास्ते से दूसरा आरोपी भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी भी खोजबीन कर रही है। मकान के बेसमेट में हुक्काबार चल रहा था। यह धंधा काफी दिनों से चल रहा था।

दस साल पुराने विवाद में फंसी 3446 पदों पर नई भर्ती, आयोग की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल

प्रयागराज। कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती-2013 के विवाद में नई भर्ती महीनों से फंसी हुई है। इसका विज्ञापन भी तैयार है, लेकिन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के बीच डाटा के लेनदेन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण विज्ञापन अटका हुआ है।लापरवाही यूपीएसएसएससी के स्तर पर हुई। यूपीएसएसएससी ने पहले यूपीपीएससी से 2013 की भर्ती में शामिल हुए उन 906 अभ्यर्थियों का डाटा मांगा था, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया था और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में ही ओवरएज हो चुके इन 906 अभ्यर्थियों को नई भर्ती में शामिल किया जाना है।यूपीपीएससी ने दो बार डाटा भेजा, लेकिन यूपीएसएसएससी ने यह कहकर विज्ञापन रोके रखा कि डाटा निर्धारित प्रारूप में नहीं है। यूपीपीएससी ने तीसरी बार डाटा की प्रमाणित हार्डकॉपी यूपीएसएसएससी को भेज दी। तीसरी बार डाटा स्वीकार कर लिया गया, लेकिन इसके बाद भी यूपीएसएसएससी ने विज्ञापन जारी नहीं किया।

तस्वीरों के जरिये सूर्य के अध्ययन में शामिल होगा इविवि, 1927 से सूर्य पर किया जा रहा है अध्ययन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सूर्य के अध्ययन के लिए आकाश में आदित्य एल-1 के जरिये स्थापित की जा रही प्रयोगशाला से 125 दिनों बाद तस्वीरें मिलने लगेंगी। आदित्य एल-1 हर मिनट में एक तस्वीर भेजेगा। 24 घंटे में 1430 से 1440 तस्वीरें मिलेंगी। विश्लेषण के लिए इन तस्वीरों को देश भर के उन विश्वविद्यालयों में भेजा जाएगा, जहां सूर्य पर अध्ययन हो रहा है। इविवि भी इन तस्वीरों का अध्ययन करेगा। इविवि में वर्ष 1927 से इस दिशा में काम हो रहा है।इविवि में वर्ष 1927 में प्रो. मेघनाद साहा ने उच्च ताप तारकीय भट्ठी बनाई थी। देश में बनी यह पहली भट्ठी थी, जिसमें 200 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ाया जा सकता था। तब बिजली भी नहीं हुआ करती थी। बिजली की सुविधा उपलब्ध होने के बाद इस भट्ठी का तापमान अब 3600 डिग्री सेल्सियस तक किया जा सकता है।

अब तक 40 अधिक वैज्ञानिक कर चुके हैं शोध

भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. केएन उत्तम बताते हैं कि विभाग की प्रयोगशाला में रखी उच्च ताप तारकीय भट्ठी पर अब तक 40 से अधिक वैज्ञानिकों ने शोध किए हैं। अब भी इस भट्ठी पर काम होता है। इसके अलावा ईंट और सीमेंट के बने स्पेक्टोग्राफ के माध्यम से विकरण का अध्ययन कर मौजूद यौगिकों की पहचान एवं विश्लेषण किया जाता है।विश्वविद्यालय की भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला में वर्ष 1927 से इन उपकरणों पर काम होते रहे हैं। प्रो. उत्तम ने बताया कि सूर्य की सतह का तापमान 5700 डिग्री सेल्सियस है और केंद्र का तापमान डेढ़ करोड़ डिग्री सेल्सियस है। 125 दिनों के बाद आदित्य एल-1 सूर्य की फोटो भेजने लगेगा। इविवि की भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला में 96 साल से सूर्य पर अध्ययन किया जा रहा है। ऐसे में जब इसरो की ओर से विश्लेषण के लिए तस्वीरें विश्वविद्यालयों को भेजी जाएंगी तो इविवि में भी उन तस्वीरों के जरिये सूर्य पर अध्ययन किया जाएगा। विश्लेषण के दौरान जीवन के लिए उपयोगी यौगिकों पर भी अध्ययन किया जा सकेगा।

बीच बाजार सरे आम दो पक्षों में पुलिस के सामने जमकर चले लाठी-डंडे, कई हुए घायल

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयागराज थाना क्षेत्र करछना के कैथी चौराहा बीच बाजार रविवार सुबह 10 बजे दो पक्षों में आपस में जमकर चले लाठी डंडे जिसमें कई लोग जख्मी हो गए जिसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है घटना पुलिस की मौजूदगी में घटित हुई हमलावरों के आगे पुलिस भी वेबश नजर आई जानकारी के अनुसार ही हिनौता कुखुडी गांव निवासी दो पक्षों में शनिवार शाम को कैंची चौराहे पर किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हो गया था जिसको लेकर प्रधान के यहां पंचायत रविवार को रखी गई थी लेकिन मामला इतना उलझ गया कि दोनों तरफ से कहा सुनी के बाद पुलिस की मौजूदगी में बीच चौराहे पर सरे आम एक पक्ष दूसरे पक्ष को लाठी डंडों से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जिसमें कई लोग घायल हो गए घायलों में विपिन कुमार सचिन कुमार राजा बाबू निवासी हिनौता तीन लोग घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने पर सक्रिय हुई पुलिस वीडियो में दिखे लोगों को पहचान कर कार्रवाई करने में डटी हुई है थाना प्रभारी नरेंद्र प्रसाद ने बताया कि दो पंछ एक दिन पहले किसी बात को लेकर बात विवाद कर लिया था उसी को लेकर रविवार को पुनः विवाद एवं मार पीट किया है शिकायत के आधार पर एवं वायरल फुटेज से दोनो पंछ के लोगों की पहचान कर ली गई है जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

एटीएम में लोहे की प्लेट डालकर पैसे निकालने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। कर्नलगंज पुलिस ने एटीएम में लोहे की पत्ती डालकर पैसे निकालने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं। तीनों ने महीने भर पहले भी इसी एटीएम से नौ हजार रुपये चोरी किए थे। शुक्रवार की रात भी तीनों ने इसी एटीएम से चोरी का प्रयास किया। सीसीटीवी से तीनों को पहचान लिया गया।कर्नलगंज क्षेत्र में जालान्स मॉल के पास केनरा बैंक का एटीएम बूथ है। शुक्रवार की रात एक व्यक्ति ने 10 हजार निकालने के लिए एटीएम कार्ड डाला। मशीन से रुपये गिनने की आवाज तो आई, लेकिन रुपये नहीं निकले। उसने बाहर आकर गार्ड से शिकायत की। गार्ड ने मैनेजर को फोन किया तो बैंक के लोग पहुंच गए। जांच की गई तो एटीएम में लोहे की एक पत्ती मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।बताया गया कि एक महीने पहले ही इसी तरह से एक ग्राहक के नौ हजार रुपये निकाल लिए गए थे। सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई तो तीन युवक एटीएम में लोहे की पत्ती डालते हुए दिखे। इसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की। शनिवार को कर्नलगंज क्षेत्र से बाघराय प्रतापगढ़ के मनीष पाल, लीलापुर के आशुतोष शर्मा और राजकुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया।उनके पास से एटीएम में डालने वाली लोहे की पत्ती, पेचकस व अन्य सामान बरामद हुआ। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कई अन्य एटीएम बूथ से भी गिरोह ने रुपये निकाले हैं।

जसरा में मरम्मत कार्य के चलते बंद रहा रेलवे क्रॉसिंग का गेट

जसरा। जसरा के रेलवे क्रॉसिंग का गेट नंबर 424 बी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मरम्मत कार्य के तहत रविवार को सुबह 6:00 बजे से देर शाम तक कार्य शुरू रहा। जिससे आने-जाने वाले दूर दूर से आने जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं स्थानीय पुलिस मौजूद न रहने के कारण लोगों को रेलवे फाटक तक आने के बाद ही लौटना पड़ रहा था । रेल अधिकारियों ने पूर्व में ही उप जिलाधिकारी बारां सूदन अब्दुल्लाह को क्रॉसिंग के बंद होने की सूचना दे दी थी। जिससे पूरे दिन रेल पटरी का मरम्मत कार्य चलता रहे। लगभग 200 की संख्या में रेल कर्मचारी पूरे दिन पटरी को ठीक करने में लगे हुए थे।। वहीं रेलवे विभाग की मशीन भी दिन भर पटरियों पर दौड़ती रही। वहीं प्रयागराज मुंबई रेल मार्ग भी प्रभावित रहा। केवल अपलाइन के द्वारा ही ट्रेनों को धीरे-धीरे करके गुजरना पड़ रहा था। जबकि डाउन लाइन पर पूरे दिन कार्य चलता रहा। उप जिलाधिकारी बारा के आदेश के बाद भी घूरपुर पुलिस की व्यवस्था मौके पर नहीं रही। जिसके कारण दोपहिया सवार रेलवे लाइन के ऊपर से पूरे दिन आ जा रहे थे। जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई थी। वाहनों को न रोकने के कारण वाहनों को रेलवे फाटक तक बेरोक टोक आ जा रहे थे। वहीं रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। जसरा रेलवे क्रॉसिंग के बंद होने के दौरान पटरियों के ऊपर से अपनी मोटरसाइकिल को पार कर रहा मोटरसाइकिल सवार की बची जान, दुपहिया हुई क्षतिग्रस्त। रविवार को जसरा रेलवे क्रॉसिंग को रेलवे विभाग द्वारा पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। जिससे दोपहिया सवार रेल पटरी के ऊपर से वाहन को लेकर जा आ जा रहे थे । इसी दौरान एक ट्रेन अचानक आ गई। दो पहिया सवार अपनी जान बचाकर मोटरसाइकिल छोड़कर बगल हट गया। इसी दौरान ट्रेन की टक्कर से दोपहिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । वहीं मोटरसाइकिल सवार मौके से छतिग्रस्त मोटरसाइकिल छोड़कर से गायब हो गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया तथा आगे की कार्रवाई करने में लगी रही।

यात्री रहे परेशान, स्थानीय पुलिस रही नदारत

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पुलिस ने पीएम के लिए भेजवाया मृतका का शव, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत हो गयी। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया है। सांगीपुर थाना के चिचिहरा गांव निवासी सर्वेश तिवारी की पत्नी अन्नू (30) रविवार की सुबह घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पायी गयी। मृतका का पति सर्वेश इस समय नेवी में ड्यूटी के लिए गया हुआ है। मृतका अपने पीछे आठ वर्षीय राजवीर तथा चार वर्षीय श्रीत को निराश्रित छोड़ गई है। मृतका का मायका उदयपुर थाना के रेहुआ लालगंज के शुकलन का पुरवा में है। मृतका के पिता सुरेश शुक्ला का कहना है दस वर्ष पूर्व बेटी का विवाह सर्वेश से किया था। मृतका के ससुरालीजनों के मुताबिक अन्नू की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। जबकि मायके पक्ष के लोग हत्या की बात कर रहे हैं। एसओ सांगीपुर मनोज यादव का कहना है शव को जिला अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया है। मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी। अन्नू की मौत को लेकर मायके पक्ष के लोग दहाड़ मारकर रोते बिलखते दिखे। विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर मायके पक्ष के लोग तनाव में भी देखे गए। मृतका क्षेत्र के पूर्व बीडीसी सदस्य पवन शुक्ला की भतीजी भी थी।

सई में उतराया मिला वृद्ध का शव

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। घर से शनिवार की सुबह निकले वृद्ध का रविवार को सई में शव उतराया देख हडकंप मच गया। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पीएम के लिए भेजवाया है। सांगीपुर थाना गोंडवा निवासी भगवानदीन गुप्ता (70) गांव में ही परचून की दुकान खोल रखी थी। शनिवार की सुबह भगवानदीन घर से निकला और देर रात तक वापस नही लौटा। घबराए परिजनों ने सांगीपुर पुलिस को भगवानदीन के लापता होने की सूचना देते हुए पूरी रात उसकी तलाश की। रविवार को दोपहर ग्रामीणों ने थरिया घाट पर एक वृद्ध का शव उतराया देखा। शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और भगवानदीन के परिजनों को वहां बुलवाया।

शव देखते ही परिजनों के साथ मृतक की पत्नी गुलाबकली दहाड़ मारकर रोने लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे किसी तरह समझा बुझाकर शव को पीएम के लिए जिला अस्तपाल भेजवाया। मृतका की संतोष, महेश, राकेश व हरिकेश चार पुत्र हैं। यह सभी कारोबारी के सिलसिले में मुंबई रहा करते हैं। घटना को लेकर पुलिस और वहां मौजूद ग्रामीणों ने भगवानदीन की मौत को स्नान करते समय गहरे पानी में डूबने की आशंका जताई है। इसके पीछे लोगों में मृतक का सई घाट पर कपड़ा व गमछा बरामद होना आशंका को बल देता रहा। सांगीपुर एसओ मनोज कुमार का कहना है शव की पहचान होने के बाद पीएम के लिए भेजवाया गया है। आशंका है कि नदी में स्नान के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। एसओ का यह भी कहना है कि पीएम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद प्रतापगढ मे हुई अपराधिक वारदातो के अनावरण व सक्रिय अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा लगातार सूचना संकलन व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 धनश्याम सिंह व उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के सीताराम धाम के पास से तीन व्यक्तियों को चोरी की 02 मोटर साइकिल एक बजाज डिस्कबर व सुपर स्पलेण्डर लाल रंग मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के खजुरनी पुल के पास घने झाड में से 03 अदद और चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की गईं। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0स0 592/23 धारा 411, 413 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहित तिवारी पुत्र शीतला प्रसाद तिवारी नि0ग्राम फूलपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़, विष्णू सरोज उर्फ टिण्टू पुत्र रामफेर सरोज नि0ग्राम भगवा थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ व मो0 फिरोज पुत्र रियाज हसन नि0ग्राम विवेक नगर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं।

महिला ने किया किशोरी का अपहरण

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। मिठाई खिलाने के बहाने एक किशोरी को एक महिला ने जबरन मिठाई खिलाकर उसे कहीं दूर मोटरसाइकिल से ले गई और आपत्तिजनक दशा में उसे छोड़ दिया। पीड़ित के पिता ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मझौली गांव के रहने वाले फागुलाल पाल पुत्र रामराज पाल ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बेटी कक्षा 8 की छात्रा है। उसके पड़ोस में रहने वाली एक महिला बीते एक सितंबर को जबरन उसे मिठाई खिला करके मोटरसाइकिल पर बैठकर निर्जन स्थान पर छोड़ दिया। काफी खोजबीन करने के बाद उसकी बेटी आपत्तिजनक दशा में मिली पीड़ित पिता ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी महिला के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जमीनी विवाद में महिला को मिल रही जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। आपसी समझौते के बाद निकाले गए चकरोड पर विपक्षी जबरन कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित के मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी विपक्षी कर दे रहे हैं। पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अंदेवरी गांव की रहने वाली राजकुमारी ने एक शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने गांव के समीप ही एक जमीन खरीदी थी जिसमें शह खातेदार की सहमति से एक रास्ता निकाला गया था। पीड़ित महिला का आरोप है कि अब सह खातेदार उसे रास्ते को काटकर जबरन अपने जमीन के हिस्से में मिलना चाहता है। विरोध करने पर महिला को आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं विधवा महिला ने इस संबंध में आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

पशु तस्करों के हमले से घायल हुआ पीआरडी जवान

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। बेखौफ पशु तस्करों ने पुलिस टीम द्वारा रोके जाने पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया जिससे एक पीआरडी जवान बुरी तरीके से जख्मी हो गया उसे जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ भर्ती कराया गया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शोभवा गांव का रहने वाला संतोष कुमार पुत्र हीरालाल पट्टी कोतवाली में पीआरडी जवान है। वह एसआई गुलाब सिंह के साथ शनिवार की रात गस्त कर रहा था ढकवा तिराहे पर पशु तस्कर को पुलिस टीम ने उसे रोकने की कोशिश की तो ईंट पत्थर लेकर पशु तस्करों ने पुलिस पर हमला कर दिए जिससे संतोष कुमार को गंभीर चोटे आई। पुलिस टीम वहां से भाग खड़ी हुई। संतोष को गंभीर दशा में प्रतापगढ़ जिले मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

छापेमारी में चालीस लीटर अवैध शराब बरामद, आरोपियों के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग छापेमारी में आरोपियों के पास से चालीस लीटर अवैध शराब बरामद की है। लालगंज के रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह ने दो सितम्बर को साढ़े तीन बने जगन्नाथपुर के मितना का पुरवा में फोर्स के साथ दबिश दी। यहां गांव के नन्हे भारती के पुत्र धर्मेश भारती के पास से दो पिपिया में दस दस लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी धर्मेश के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। वहीं शाम साढ़े छह बजे चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह ने अगई के दुर्गा का पुरवा में भी फोर्स के साथ दबिश दी। यहां पुलिस टीम को आरोपी गांव के रामचन्द्र भारती के पुत्र पुत्तीलाल भारती के पास से भी पिपिया में दस-दस लीटर कच्ची शराब बरामद करने में सफलता मिली। दरोगा की तहरीर पर आरोपी पुत्तीलाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है।

अजीत नगर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के नवीनीकरण में धन आड़े नहीं आएगाः विधायक

विधायक ने शिशु मंदिर के भवन निर्माण की रखी आधारशिला

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भाजपा सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने अजीत नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के नवीन कक्ष के निर्माण के लिए आधार शिला का पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिशु मंदिर से उनका और उनके बच्चों का पुराना नाता रहा है। इस स्कूल के निर्माण और इसकी भव्यता में धन आड़े नहीं आएगा। उन्होंने समाज के लोगों से भी सहयोग की अपील की। संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश ने कहा कि शिशु मंदिर संस्कारों की थाती है। हमें इसे सहेजने की जरूरत है। खास बात यह है कि जिले में कई मंत्री हुए। विधायक भी हैं लेकिन किसी ने भी संस्कारों की शिक्षा देने वाले सरस्वती शिशु मन्दिरों की सुध नहीं ली। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य पहले ऐसे विधायक हैं। जिन्होंने अजीत नगर सरस्वती शिशु मंदिर के नए भवन के लिए धनराशि दी है, बल्कि आगे भी इसी तरह का सहयोग करने का वादा भी किया है। उनके इस प्रयास की सभी सराहना कर रहे हैं। इस स्कूल को सहेजने में प्रबंधक संजीव आहूजा की महती भूमिका रही है। कार्यक्रम में डाक्टर सौरभ पाण्डेय, डाक्टर आरके सिंह, रतन जैन, शरद केसरवानी, अश्वनी केसरवानी, श्रद्धा सिंह, पूनम आहूजा, शिवानी मतानहेलिया, डाक्टर पियूषकांत शर्मा, ओम प्रकाश पांडे, शिशिर खरे समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

खुद को गोलीमार कर पूर्व बीडीसी ने की आत्महत्या

प्रतापगढ़। कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के अघिया गांव निवासी पूर्व बीडीसी मुकेश कुमार सरोज ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घर के अंदर हुई इस घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। मुकेश कुमार सरोज के पिता ओम प्रकाश सरोज का आरोप है कि प्लाटिंग में 15 लाख रुपये पैसा लगाने के बाद वापसी ना होने से मेरा बेटा परेशान रहता था। पूर्व बीडीसी के पिता ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस फॉरेंसिक टीम के आने का इंतजार कर रही है।

जयंती पर याद किये गये पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी

कांग्रेसियों ने बैठक कर दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कमलापति त्रिपाठी के जन्म जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने पण्डित जी के चित्र पर माला पहनाकर नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कि स्व. पण्डित कमलापति त्रिपाठी एक भारतीय राजनेता थे और इसके साथ ही वे एक वरिष्ठ कांगेसी नेता भी थे। कमलापति त्रिपाठी संविधान सभा के सदस्य रहे, 1971 से 1973 तक वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और इसके बाद भारत के रेल मंत्री रहे। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि पण्डित जी 1921 के असहयोग आंदोलन में भाग लिए और वे कई बार जेल भी गए।

कमलापति त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

कमलापति त्रिपाठी हिन्दी और संस्कृत के विद्वान व ग्रंथकार थे। उन्होने ह्यआजह्ल तथा ह्यसंसारह्ल नामक समाचार पत्रों का सम्पादन किया। उन्हे गांधी दर्शन से संबंधित पुस्तक पर मंगला प्रसाद पारितोषिक प्रदान किया गया। पी.सी.सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला ने कहा कि पंडित जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे वे संसदीय विषयो के अच्छे वक्ता होने के साथ ही एक प्रभावशाली वक्ता भी थे। इस दौरान कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कार्यालय प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, सेवादल उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, विश्वास सिंह, देवमणि पाण्डेय, प्रियम मिश्रा उपस्थित रहे।

पुरानी पेंशन को लेकर संघर्ष करना ही स्व0 जेपी चौबे को श्रद्धांजलि

रेलवे मेंस फेडरेशन के मण्डल मंत्री ने कर्मचारियों को किया प्रोत्साहित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के पूर्व महामंत्री स्व जे पी चौबे की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि कामरेड शिव गोपाल मिश्रा महामंत्री आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन/नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन विशिष्ट अतिथि लखनऊ मंडल के मंडल मंत्री/सहायक महामंत्री नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन कामरेड आर के पाण्डेय, जोनल सचिव एस यू शाह, जोनल सचिव एल एन पाठक रहे।

इस अवसर पर मंडल मंत्री कामरेड आर के पाण्डेय ने कामरेड जे पी चैबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जो सपने हमें स्व. जे पी चैबे ने दिखाए है, जो संघर्ष का रास्ता दिखाया है। उन्हीं रास्तों पर चलते हुए ही हम अपने अधिकारों की रक्षा कर सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कामरेड शिव गोपाल मिश्रा ने अपने सम्बोधन में आवाहन किया कि एक जनवरी 2004 के बाद भर्ती युवाओं को पेंशन से वंचित कर दिया गया है। उन सभी युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया गया है। हमें पुरानी पेंशन स्कीम बहाली के लिए हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना है और पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल कराने के बाद ही इस आंदोलन को समाप्त किया जाएगा। प्रतापगढ़ के युवाओं का आवाहन करते हुए इस संघर्ष के लिए तैयार रहने का काम करें। और आवश्यकता पड़ने पर भारत बंद करने से लेकर पूर्ण हड़ताल रेलवे हड़ताल तक जाने का काम प्रतापगढ़ के साथी करेंगे।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजकगण।

शाखा मंत्री कामरेड अनिल कुमार शुक्ल ने नवीनीकृत यूनियन भवन में पहली बार पधारे कामरेड शिव गोपाल मिश्रा का फूल मालाओं से स्वागत तथाअंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया। शाखा अध्यक्ष कामरेड मो. शफीक ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजय आनन्द, एम पी पाण्डेय, जितेंद्र कुमार, अवधेश पाल, अवधेश सिंह, नितिन मौर्या, अनुपम यादव, केतन शुक्ल, के एन मिश्रा, धीरज सिंह, संजय डोगरा, संजय सिंह यादव के डी तिवारी, उदय राज वर्मा, राजेन्द्र कुमार राय, वी के तिवारी, विनय मिश्रा, बबीता पाण्डेय, किरन सिंह, राकेश यादव, राकेश सिंह, एस पी पाण्डेय, सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को स्कूल कक्षा में पहुँचना जरूरी

अखंड भारत संदेश

परियावां/प्रतापगढ़। सक्षम फाउण्डेशन कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूल न जाने वाले बच्चों को स्कूल पहुँचाने के लिए अभिभावकों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, ऐंठू फार्म पर किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही आपने सुना होगा कि चन्द्रयान अपनी कक्षा में पहुँचा ये हम सभी के लिए गर्व की बात है, आगे आने समय में बहुत सारे यान अपनी कक्षा में पहुँचे ये हम सभी की कामना है, पर ये तभी सम्भव है जब हमारे बच्चे-बच्चियाँ अपनी कक्षा में पहुँचें जब तक देश के छात्र-छात्रायें अपनी कक्षा में नहीं पहुँचेगें। कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म मैनेजर प्रदीप सिंह ने कहा कि जब तक अभिभावक जागरूक नहीं होगें तब तक बच्चों को स्कूल की कक्षा में पहुँचना सम्भव नहीं है। इस अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन के स्वयं सेवक एडवोकेट मनीष सिंह, संग्राम सिंह के साथ मनोज विश्वकर्मा, सूरज, मस्तराम सरोज, जीतलाल सिंह, हेमराज, गीता, सरस्वती तथा दीपचन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

सक्षम फाउडेंशन संगोष्ठी मे मौजूद अभिभावकगण।

स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने अल हिदायत क्रिकेट एकेडमी सुल्तानपुर को हराया

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्द्धन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को सद्भावना कप 2023 अंडर 17 क्रिकेट टूनामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम और अल हिदायत क्रिकेट एकेडमी सुल्तानपुर के बीच खेला। स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की।

टास जीतकर स्पोर्ट्स स्टेडियम ने अल हिदायत की टीम को बैटिंग करने का आमंत्रण दिया। अल हिदायत की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.5 ओवर में 180 रनों का लक्ष्य रखा। इधर जवाब में उतरी स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ की टीम ने 33 ओवर में छह विकट खोकर 180 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की तरफ से उत्कर्ष पाल ने 97 रन, रोशन विश्वकर्मा 25 रन, विवेक 21 और मोहम्मद सैफ ने 14 रन बनाए। मैच के मैन आफ द मैच उत्कर्ष पाल रहे। मैच के निर्णायक मनीष मिश्र और रितिक श्रीवास्तव रहे। मुख्य अतिथि पूर्ण रणजी खिलाड़ी आदित्य शुक्ल ने विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम की विजेता टीम के खिलाड़ी।

एनजीटी के चेयरमैन आज करेंगे ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

प्रतापगढ़। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति तथा एनजीटी के चेयरमैन एस0पी0एस0 राठौर तथा मेम्बर अनंत कुमार सिंह आज प्रतापगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। एनजीटी के चेयरमैन सोमवार को दिन में 11 बजे डाक बंगले पहुंचेगे। फिर वहां से सई निकट से बने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करेंगे। उनके साथ मेम्बर अनंत कुमार सिंह भी रहेंगे। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि चेयरमैन का कार्यक्रम चार घंटे का है। वह ट्रीटमेंट प्लांट की पूरी जानकारी लेंगे। वह सीवरेज सिस्टम में आ रही दिक्कतों को समझेंगे, इसके लिये आज नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी जुटे रहे। बता दें कि प्रतापगढ़ शहर में सीवरेज की घोषणा व शिलान्यास समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ था लेकिन वह शिलान्यास के बाद यह ठंडे बस्ते में चला गया था। भाजपा शासन आने पर इसका ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का कार्य शुरू हुआ और वह ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार किया है, जिसका आज एनजीटी के चेयरमैन निरीक्षण करेंगे।

आम आदमी पार्टी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर हुआ विचार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में जिला कार्यालय सदर पर जिला कार्यकारिणी की मासिक समीक्षा बैठक की गई। सभी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने पर अपने अपने विचार रखे। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि जिस तीव्र गति से सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के द्वारा संगठन बनाने का कार्य हो रहा है। 15 अक्टूबर 2023 तक बूथ तक का संगठन सम्पूर्ण जनपद प्रतापगढ़ में तैयार हो जायेगा। जनपद प्रतापगढ़ में आम आदमी पार्टी का संगठनात्मक दृष्टि से अवलोकन करें तो जिला कार्यकारिणी, विधानसभा कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारणी का निर्माण पहले ही किया जा चुका है।

डीएमटी डिरेलमेंट में पीडब्लूआई समेत तीन रेल कर्मी निलंबित

मालगोदाम रेलवे क्रासिंग पर हुआ था हादसा, संतुलन बिगड़ने से पटरी से उतर गया था वैगन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भंगवा चुंगी से मालगोदाम रोड पर बनी रेलवे फटकी पर शनिवार को दोपहर गिट्टी लोड डीएमटी(मालगाड़ी) ट्रेन डिरेलमेंट के मामले में इंजीनियरिंग विभाग की लापरवाही सामने आई है। सूत्रों के अनुसार इस मामले में सेक्शन के पीवे (पीडब्लूआई) और दो गैंगमैन को फौरी तौर पर प्रथम दृष्टया हादसे का दोषी मानते हुए डीआरएम के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें कि शनिवार दोपहर करीब पौने तीन बजे गिट्टी लोड डीएमटी ट्रेन को यार्ड में ट्रैक के किनारे किनारे गिट्टी गिराने के इरादे से शटिंग के दौरान लाइन नंबर पांच से चार में लाया जा रहा था। तभी ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे के बाद फाटक पर लंबा जाम लग गया।

जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ था। देर शाम को डीएमटी को हटाया गया था। इस मामले की जांच शुरू हुई तो पता चला कि गिट्टी गिराते समय वैगन का एक हिस्सा हल्का हो गया था जबकि दूसरे हिस्से में गिट्टी भरी हुई थी। इससे वैगन का बैलेंस बिगड़ गया और वह पटरी से उतर गया। इस संबध में एडीईएन ने बताया कि तीनों रेल कर्मियों ने मंडलीय कार्यालय ने निलम्बित कर दिया है।

खबर संक्षेप

पेड़ की डाल गिरने से बाइक सवार युवक घायल

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चक गांव के समीप पीपल के पेड़ की डाल गिरने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने नारा गांव के एक निजी चिकित्सालय मे उपचार के लिए भर्ती कराया है। बताया जाता है की मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चक गांव निवासी महेंद्र सोनकर रविवार की शाम नारा बाजार सब्जी खरीदने जा रहा था। जैसे ही गांव के बाहर पहुंचा सड़क किनारे स्थित एक पीपल के पेड़ की डाल अचानक टूटकर उसके ऊपर गिर गई जिसमें उसके सिर वा हाथ पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी होने पर पहुंचे घर वालों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

अज्ञात पुरुष का मिला शव

कौशाम्बी। प्रयागराज जीआरपी के अंतर्गत सिराथू थाना क्षेत्र में रेल लाइन के पास 3 सितम्बर को एक अज्ञात पुरुष लगभग 50 का क्षत विक्षत शव मिला है चेहरे से शरीर में गंभीर चोट के निशान है पुलिस ने शिनाख्त के लिए शव को पोस्टमार्टम हाउस मे सुरक्षित रख दिया है काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

एसपी ने 2 इंस्पेक्टर,19 उपनिरीक्षक व 85 सिपाहियो के कार्य क्षेत्र में किया परिवर्तन

कई पुलिस चौकी इंचार्ज के कार्य क्षेत्र में हुआ परिवर्तन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने देर रात विभिन्न थाना और चौकियों सहित पुलिस लाइन में तैनात 2 इंस्पेक्टर,19 एसआई व 85 सिपाहियो के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया है। एसपी ने पिपरी थाना क्षेत्र के लोधौर चौकी पर तैनात इंस्पेक्टर राम प्रवेश को सराय अकिल थाना का अतिरिक्त इंस्पेक्टर बनाया है,वही इंस्पेक्टर राजेंद्र वर्मा को सराय अकिल थाना से अतिरिक्त इंस्पेक्टर पिपरी थाना बनाया है जयंत गुप्ता को बिदाव चौकी से हब्बू नगर चौकी इकराम खान को संदीपनघाट थाना से मखदुमपुर चौकी उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह को चंपहा चौकी से कड़ा धाम सुनील कुमार यादव को पुलिस चौकी हब्बू नगर से सिविल लाइन पुलिस चौकी चंदन कुमार सिंह को

सिराथू से कनैली पुलिस चौकी स्थानांतरित करने के आदेश दिए गए हैं इसी तरह बृजेंद्र सिंह को सिविल लाइन से सैनी किशन कुमार को सैनी से बिदाव पुलिस चौकी भेजने के निर्देश दिए गए हैं शैलेंद्र कुमार पांडे को पुलिस लाइन से मोहब्बतपुर पैसा विजय कुमार मौर्य को कड़ाधाम से चम्पाहा पुलिस चौकी भेजने के निर्देश जारी हुए हैं धर्मेंद्र शर्मा को पुलिस लाइन से करारी रामबाबू को पुलिस लाइन से करारी नितेश कुमार को कोखराज से भगवानपुर पुलिस चौकी भेजने की निर्देश जारी हुए हैं अभिषेक कुमार को कोखराज से सैनी और उपेंद्र प्रताप सिंह को भगवानपुर से सराय अकिल थाना भेजा गया है उपनिरीक्षा श्री कृष्ण स्वरूप को पुलिस लाइन से कोखराज भेजने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने जारी किए हैं वही एसपी ने संजय परिहार को मखदुमपुर से चौकी प्रभारी सिराथू,बृजेंद्र सिंह को सिविल लाइंस से थाना सैनी, हनुमान प्रताप सिंह को पुलिस चौकी कनैली से मूरतगंज और गौरव त्रिवेदी को मूरतगंज से बेनीराम कटरा तथा सूर्यबली पांडे को बेनीराम कटरा से पुलिस लाइन भेजने के निर्देश दिए गए हैं कुल 19 उपनिरीक्षक के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है।इसके अलावा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र एवम पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल,हेड कांस्टेबल,महिला कांस्टेबल सहित कुल 85 कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है।एसपी ने सभी को उनकी नवीन तैनाती स्थल पर तत्काल ड्यूटी ज्वाइन करने का आदेश दिया है।

पेंशन पुनरीक्षण के लिए जमा करें आवेदन पत्र

कौशाम्बी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने 01 जनवरी 2016 के पूर्व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सूचित किया है कि दिनांक 01.01.2016 के पूर्व शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी के पारिवारिक पेंशन/पेंशन का पुनरीक्षण आवेदन पत्र के अभाव में नही किया गया है, ऐसे पेंशन धारक पारिवारिक पेंशन धारक शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का दिनांक 01.01.2016 से पुनरीक्षण के लिए आवेदन पत्र तैयार कर उनके कार्यालय में दिनांक 05.09.2023 तक अवश्य उपलब्ध करायें।

6 सूत्रीय मांगो को लेकर शिक्षामित्रों ने डायट मैदान में किया प्रदर्शन

कौशाम्बी। जिला मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान परिसर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षामित्र संघ कौशाम्बी के तत्वावधान में जनपद के शिक्षामित्रों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया,प्रदर्शन के पश्चात शिक्षामित्रो ने तिरंगा यात्रा निकालकर अपना विरोध जताया है। शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष रत्नाकर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो शिक्षामित्रों ने जिला मुख्यालय में अपनी प्रमुख मांगो को लेकर प्रदर्शन किया है,संघ ने शिक्षामित्रों की पारिवारिक दयनीय स्थिति को देखते हुए उन्हें पुनः सेवाएं देने के लिए अधिकृत करने,अन्य राज्य कर्मचारियों की तरह उन्हें भी राज्य कर्मचारी के रूप में समाहित करने सहित 6 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन के पश्चात सभी शिक्षामित्र कौशाम्बी सांसद को ज्ञापन सौंपने के लिए गए,लेकिन सांसद और उनके कोई भी प्रतिनिधि नही मिले जिससे सभी शिक्षामित्र पुनः डायट मैदान पहुंचे और अपना प्रदर्शन समाप्त किया।

ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बने पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता

बैश्य समाज की हर समस्याओं पर उनकी आवाज बनकर पूर्व विधायक संजय गुप्ता समस्याओं का समाधान करेंगे

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन उत्तर प्रदेश द्वारा महाराजा अग्रसेन विद्यालय मोतीनगर लखनऊ में रविवार को आयोजित जिलाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी महानगर प्रभारी बैठक में ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन उत्तर प्रदेश के महामंत्री उमेश अग्रवाल के निर्देशन मे प्रदेश अध्यक्ष वैश्य सुधीर एस हलवासिया द्वारा पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विदुर अग्रहरि एव प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरि,भरत भूषण गुप्ता , राम किशोर गुप्ता,आंनद कुमार गुप्ता सहित सभी प्रदेश की पदाधिकारी उपस्थित रहें जैसे ही इस बात की जानकारी बैश्य समाज के लोगों को हुई लोगों ने गुलदस्ते भेंट कर माल्यार्पण कर पूर्व विधायक संजय गुप्ता का जोरदार स्वागत किया और कहा है कि पूर्व विधायक संजय गुप्ता जुझारू कर्मठ ईमानदार नेता है और ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन उत्तर

प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बैश्य समाज के लोग मजबूत होंगे बैश्य समाज की हर समस्याओं पर उनकी आवाज बनकर पूर्व विधायक संजय गुप्ता समस्याओं का समाधान करेंगे।

लोहिया मार्केट और उसके आसपास अवैध तरीके से लगने वाले ठेला वालों से लोग परेशान

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड पर लोहिया मार्केट के पास फल चाट आदि के लगने वाले ठेला से लोहिया मार्केट के दुकानदारों समेत तमाम लोग परेशान हैं आधी सड़क तक फल के ठेला लगाए जाते हैं जिससे मुख्य चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है आम जनता के पैदल चलने के लिए बनाई गई फुटपाथ पटरी पर पूरी तरह से फल ठेला वालों के कब्जे हो चुके हैं ग्राहकों और दुकानदारों की बाइक नहीं खड़ी हो सकती है आए दिन झगड़ा लड़ाई गाली गलौज और देख लेने की धमकी पर आमदा हो जाते हैं जिससे लोहिया मार्केट में दुकान लेकर व्यापार करने वाले लोग परेशान हो चुके हैं और लोहिया मार्केट की दुकान लेने वाले लोगों का व्यापार बाधित हो रहा है जबकि अवैध तरीके से ठेला लगाने वाले लोग सरकारी जमीन पर कब्जा कर मालामाल हो रहे हैं डॉ पूजा विश्वास चैन सिंह राहुल केसरवानी कुंदन अंसारी मोहम्मद मुन्तजिर सहित तमाम पीड़ित लोगों ने जिला अधिकारी को पत्र देकर अवैध तरीके से फल चाट आदि की लगने वाले ठेला को चौराहे से हटाए जाने और उसे बैलाहाई बाजार के तालाब के किनारे फुटपाथ पर लगाए जाने के लिए फरियाद की है लोगों का कहना है कि चौराहे पर आए थे जाम लगता है दुकानदारों का व्यापार बाधित हो रहा है और तालाब के पास सौंदरीकरण करा कर नगर पालिका ने बाजार लगाए जाने का प्रस्ताव बनाया है और फल का ठेला जाने से वहां का विकास होगा।

न्यूज झरोखा

पूर्व विधायक चायल आसिफ जाफरी का निधन

कौशाम्बी। चायल क्षेत्र से पूर्व में बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले विधायक रहे आसिफ जाफरी का दिल की बीमारी के चलते निधन हो गया है निधन की जानकारी मिलते ही उनके समर्थकों में शोक की लहर है हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए चेन्नई के अस्पताल में पूर्व विधायक आसिफ जाफरी को लेकर परिजन गए थे लेकिन हार्ट ट्रांसप्लांट ऑपरेशन से पहले ही उनकी मृत्यु हो गयी पूर्व विधायक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना जैसे ही क्षेत्र के लोगों को मिली लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है कई सालों से दिल की बीमारी से पूर्व विधायक आसिफ जाफरी जूझ रहे थे कई अस्पतालों में इनका इलाज चला लेकिन दिल की बीमारी ठीक नहीं हो सकी दिनों दिन बीमारी बढ़ती गई भरोसेमंद सूत्रों ने बताया है कि रविवार को चेन्नई के अस्पताल से पूर्व विधायक आसिफ जाफरी का शव उनके पैतृक गांव महगांव के लिए रवाना हो गया है चायल विधानसभा क्षेत्र के महगांव उनके पैतृक गांव में सोमवार को उनको सुपुर्द खाक किया जाएगा।

संत निरंकारी मिशन कोखराज मे हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

कल्यानपुर कौशांबी। तहसील सिराथू के जी टी रोड कोखराज में स्थित संत निरंकारी मिशन में 3 सितंबर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे रामबदन पांडे के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके रक्त दान शिविर का शुभारंभ किया गया इस शिविर में कुल 65 लोगो ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमे 52 रक्तदाताओं ने रक्त दान करके किसी के जीवन में खुशियां देने का कार्य किए ।रक्त दान करने वाले सभी संत निरंकारी मिशन से जुड़े सदस्य रहे।सभी रक्त दाताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया।रक्त दान शिविर में मुख्य अतिथि संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला ब्लड बैंक के डॉक्टर राम मनोहर कनौजिया एस एल टी मोतीलाल सिंह काउंसलर अनिल कुमार,एलटी प्रवीण सिंह, एलटी पीयूष शुक्ला एलटी राममिलन लैब असिस्टेंट रमेश चंद्र कुशवाहा अनूप सिंह धर्मराज आदि स्टाफ मौजूद रहे।

सैयद सरावा मजार के पास मिला वृद्ध का शव

कौशांबी चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा मजार के पास एक वृद्ध व्यक्ति का शव लोगों ने पड़ा देखा मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति की पहचान कराने का भरसक प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जाती है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सीओ के साथ कोतवाल ने किया पैदल गस्त

कौशांबी। क्षेत्रधिकारी चायल योगेन्द्र कृष्ण नारायण के साथ चरवा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने हमराही पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व एवम चेहुल्लुम त्योहार के मद्देनजर सैय्यद सरावां क्षेत्र में पुलिस टीम ने पैदल गस्त करके बिना हेलमेट तीन सवारी एवम संदिग्ध वाहन एवम संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग कराई गई एवम जानता के व्यक्तियो से बात चीत कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

शादी अनुदान योजना से लाभान्वित होने के लिए आधार प्रमाणीकरण ईकेवाईसी अवश्य करायें

कौशाम्बी। अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में लाभार्थियां को ऑनलाइन आवेदन की नई प्रक्रिया में आधार प्रमाणीकरण/ई0के0वाई0सी0 लागू की गयी है, जिस पर आवेदन कराया जाना अनिवार्य है। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री अश्विनी कुमार ने देते हुए बताया कि आधार प्रमाणीकरण/ई0के0वाई0सी0 माध्यम से वेबसाइट पर ऑनलाइन किया जाना आवश्यक है। यदि आपके द्वारा पुनः नई प्रक्रिया आधार प्रमाणीकरण/ई0के0वाई0सी0 माध्यम से ऑनलाइन आवेदन नहीं किया जाता है तो आप शादी अनुदान योजना के लाभ से वंचित रह जायेंगे।

लापरवाह दो अध्यापकों को बीएसए ने किया निलंबित

सरकारी वेतन से दारू, गुटखा खाकर करते थे स्कूल में मनमानी

कौशाम्बी। परिषदीय विद्यालय के अध्यापकों द्वारा विद्यालय में दारू पीकर आना बच्चों से गुटखा पान मसाला मंगा कर खाना विद्यालय में अराजकता फैलाने की शिकायत अधिकारियों से हुई जिस पर जांच के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दो अध्यापकों को निलंबन का रास्ता दिखा दिया है जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है लेकिन उसके बाद भी लापरवाह शिक्षक सुधारने का नाम नहीं ले रहे है दर्जनों आरोपों से घिरे दोनों अध्यापकों के कार्य में सुधार न होने पर बीएसए कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने दोनों अध्यापकों को शनिवार देर शाम को निलंबित कर दिया है। साथ ही दूसरे विद्यालयों में सम्बद्ध कर दिया है। कौशाम्बी ब्लाक के कठारा प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक दुर्गापति त्रिपाठी के खिलाफ उनके ही स्कूल की दो महिला टीचरों ने छेड़खानी की शिकायत बीएसए से किया था। साथ ही दुर्गापति पर आरोप है कि कालेज में छात्रों से गुटखा पान मसाला मांगा कर खाते है। शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेते हैं। इसके अलावा भी उन कई आरोप है। बीएसए ने नोटिस जारी कर एक सप्ताह में इनको जवाब देने के लिए निर्देशित किया था। लेकिन हफ्ताभर बीतने के बाद भी दुर्गापति ने नोटिस का जवाब नहीं दिया है। इससे बीएसए ने शनिवार को निलंबित कर दिया है। इसी तरह सरसवां ब्लाक के डेढ़वाल प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक रणजीत सिंह पर आरोप है कि वह दारू पीकर विद्यालय आते है। साथ ही विद्यालय में रसोइयों व प्रधान से गाली गलौज करते है। समाधान दिवस में शिकायत होने पर बीएसए ने प्रधानाध्यापक रणजीत सिंह को भी निलंबित कर दिया है। दो अध्यापकों को बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित किए जाने के बाद भी जिले के तमाम विद्यालयों में दर्जनों अध्यापक लापरवाही करने से बाज नहीं आ रहे हैं अन्य अध्यापकों पर बीएसए का चाबुक कब चलेगा लोग इसके इंतजार में है।

गंगा तराई इलाके में बेखौफ लकड़ी माफिया काट रहे हैं हरे पेड़

अखंड भारत संदेश

कड़ा धाम कौशांबी। कड़ाधाम थाना क्षेत्र के हब्बू नगर दुबाना जहांगीराबाद सिपाह आदि इलाके में गंगा तराई क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान में लकड़ी माफिया तेजी से सक्रिय हैं प्रतिदिन दर्जनों मजदूरों को साथ लेकर लकड़ी माफिया पेट्रोलिंग आरा मशीन से हरे पेड़ों की कटाई कर रहे हैं सिराथू सर्कल के वन विभाग और स्थानीय पुलिस हरे पेड़ों के कटान में लगे लोगों पर कार्यवाही करती नहीं दिख रही है जिससे लकड़ी माफिया बेखौफ तरीके से हरे पेड़ों को काटने में लगे हैं कई वाहनों के सहारे काटी गई लड़कियां आरा मशीनों में पहुंचाई जाती है सब कुछ दिन दहाड़े हो रहा है लेकिन विभाग ने चुप्पी साथ रखी है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा वृहद पौधा रोपण में सरकारी भूमि पर लगाए गए सैकड़ो सरकारी हरे फलदार पेड़ों को भी लकड़ी माफियाओं ने काट दिया है लेकिन इलाके के वन विभाग और स्थानीय पुलिस लकड़ी माफियाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है गंगा तराई इलाके में सरकारी जमीनों में लगाए गए सरकारी सैकड़ो हरे पेड़ भी बेखौफ तरीके से काटे जा रहे हैं चचाओं पर जाए तो एक महीने के बीच सैकड़ो हरे पेड़ काट करके उनकी लड़कियां माफिया बेखौफ तरीके से उठा ले गए हैं पुलिस से लेकर वन विभाग

सरकारी जमीन में लगाए गए सैकड़ो हरे पेड़ भी काट कर उठा ले गए लकड़ी माफिया

के अफसर तमाशबीन बने रह गए इलाके के घोसियाना मोहब्बतपुर जीता कड़ा देवीगंज अलीपुर जीता आदि क्षेत्र में भी हरियाली नष्ट करने में लकड़ी माफिया तेजी से सक्रिय हैं प्रतिदिन सुबह से लकड़ी माफियाओं का काफिला हरे पेड़ों को काटते देखा जाता है इलाके के अवैध आरा मशीनों में बिना ट्रांजिट परमिट के हरी लड़कियां पहुंचाई जा रही हैं सब कुछ बेखौफ तरीके से हो रहा है लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार नहीं जागे हैं जिससे जिम्मेदारों की साठगाँठ से इनकार नहीं किया जा सकता क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए अवैध तरीके से हरे पेड़ों के कटान में लगे लकडी माफियाओं को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा वृहद पौधा रोपण में सरकारी भूमि पर लगाए गए सैकड़ो सरकारी हरे फलदार पेड़ों को भी लकड़ी माफियाओं ने काट दिया है लेकिन इलाके के वन विभाग और स्थानीय पुलिस लकड़ी माफियाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है गंगा तराई इलाके में सरकारी जमीनों में लगाए गए सरकारी सैकड़ो हरे पेड़ भी बेखौफ तरीके से काटे जा रहे हैं चचाओं पर जाए तो एक महीने के बीच सैकड़ो हरे पेड़ काट करके उनकी लड़कियां माफिया बेखौफ तरीके से उठा ले गए हैं पुलिस से लेकर वन विभाग के अफसर तमाशबीन बने रह गए इलाके के घोसियाना मोहब्बतपुर जीता कड़ा देवीगंज अलीपुर जीता आदि क्षेत्र में भी हरियाली नष्ट करने में लकड़ी माफिया तेजी से सक्रिय हैं प्रतिदिन सुबह से लकड़ी माफियाओं का काफिला हरे पेड़ों को काटते देखा जाता है इलाके के अवैध आरा मशीनों में बिना ट्रांजिट परमिट के हरी लड़कियां पहुंचाई जा रही हैं सब कुछ बेखौफ तरीके से हो रहा है लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार नहीं जागे हैं जिससे जिम्मेदारों की साठगाँठ से इनकार नहीं किया जा सकता क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए अवैध तरीके से हरे पेड़ों के कटान में लगे लकडी माफियाओं को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शांतिपूर्वक संपन्न हुआ चायल का दो दिवसीय कजलिया मेला

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। चायल कस्बे में सैकड़ों वर्षों से लगने वाला दो दिवसीय कजलिया मेला शुक्रवार और शनिवार को आयोजित किया गया। इस मेले में दोनों दिन ग्रामीण क्षेत्र के महिला,पुरुष, वृद्ध व जवान बच्चों ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच चायल कस्बे का काजलिया मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो इसलिए मेला की सुरक्षा में लगाए गए पुलिस के जवान लगातार मोर्चा सम्हाले हुए थे साथ ही असमाजिकतत्वों के ऊपर पैनी नजर भी बनाए हुए थे। मेले में आए हुए मेलार्थियों को पुलिस के जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था का भरपूर एहसास

दिलाया। मेलार्थी बिना किसी भय के मेले का आनंद उठाए और खरीददारी करने के बाद सकुशल अपने घर वापस चले गए। हर वर्ष रक्षा बंधन त्यौहार के दूसरे दिन चायल कस्बे में बड़े धूमधाम उत्साह पूर्वक कजलिया मेला का अयोजन होता है। बीते सैकड़ो वर्षों से कस्बे में इस मेले का आयोजन दो दिनों तक होता है। मेला देखने के लिए महिला, पुरुष व बच्चों की भारी भीड़ उमड़ती है। दूर ग्रामीण क्षेत्र तक चायल का मेला बहुत ही प्रसिद्ध है इसलिए काफी लोग मेले का आनंद लेने के लिए दूर दराज से आते हैं। मेला में तरह - तरह की मनोरंजक चीजे उपलब्ध रही हैं खाने-पीने की दुकानों सहित श्रृंगार सामग्री और बच्चों के खिलौने की मेले मे सैकड़ो दुकानें लगी रही जहां काफी भीड़ देखी गई है। मेले में डांस कंपटीशन का भी आयोजन हुआ जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रंग बिरंगी लाइट से मेला की खूबसूरती में चार चांद लग गया और लाइट की चका चौंध से रात कब बीत गई मेला घूमने आए लोगों को पता ही नही चला। मेले का हर कोना मनमोहक खिलौनों से खचा खच भरा हुआ था जिसको देखकर बच्चे मोहित हो रहे थे। बड़े, बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चों ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया और सकुशल घर वापस चले गए।

शासन के रोक के बाद कार्यालय में बाहरी एवं प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे हैं कार्य

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सरकारी कार्यालय में प्राइवेट बाहरी व्यक्तियों के कार्य करने पर आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद ने पूर्ण रोक लगाई है आदेश जारी कर प्रदेश के संपूर्ण जिला अधिकारी और मंडल आयुक्त को पत्र भेजते हुए कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया है लेकिन आयुक्त एवं सचिव के निर्देश के तीन दिन बाद भी सरकारी कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों के कार्य करने पर रोक नहीं लग सकी है जिले में खनन विभाग स्वास्थ्य विभाग तहसील राजस्व अधिशासी अभियंता विद्युत सहित विभिन्न विभागों में सोमवार के दिन भी बाहरी व्यक्तियों को कार्य करते देखा गया है। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद 12 लखनऊ ने प्रदेश के समस्त मंडल आयुक्त और समस्त जिलाधिकारी को निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसी भी जनपद और मंडल के सरकारी विभागो के कार्यालय में बाहरी एवं प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा कार्य कराए जाने पर शासन के निर्देश पर पूरी तरह से रोक लगाई जाती है उन्होंने कहा कि शासन ने सभी कमिश्नर और जिलाधिकारी को पत्र जारी किया। आयुक्त एवं सचिव ने कहा है कि ऐसे व्यक्तियों द्वारा भ्रष्टाचार और अनियमिताएं किए जाने की लगातार शिकायतें शासन और परिषद को निरंतर मिल रही हैं यह स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है पत्र के माध्यम से आयुक्त एवं सचिव ने कहा है कि मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि निजी कार्मिक एवं प्राइवेट व्यक्तियों से किसी भी दशा में कार्य न कराया जाए ऐसी शिकायतो के संज्ञान में आने पर उन्हें गंभीरता से लिया जाए तथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

संपादक की कलम से

राष्ट्रीय हित का कदम है एक साथ चुनाव

वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनाव के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना ही बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है। अभी केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठाकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए एक समिति भी बनाई है, जो देश के राजनीतिक दलों और आम जनता से इसके हित और अनहित के बारे में विमर्श करेगी।

जब सब ओर से सकारात्मक रुझान मिलेगा, तब यह धरातल पर उतारा जाएगा। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। लेकिन देश में कुछ राजनीतिक दल संभवतः इसकी गंभीरता को समझ नहीं पा रहे हैं। इस कदम को संकुचित राजनीति के भाव से देख रहे हैं। अगर यह देशभाव के दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा। वर्तमान में केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग इस बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने एक बार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनाव से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय चिंता का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं। यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनायी जानी चाहिए। केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देशहित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है।

मंजिल अभी दूर है...विपक्षी गठबंधन की राह में कई रोड़े है

अशोक भाटिया

विरोधी दलों ने कहा कि मोदी इस बार जीत गए तो देश में कभी चुनाव नहीं होंगे। मोदी ने इसका जवाब दे दिया कि वह लोकसभा, विधानसभा, पंचायत सारे चुनाव कराना चाहते हैं, एकसाथ कराना चाहते हैं ताकि लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हों। हर सरकार को, राज्य में हों या केंद्र में, पांच साल बिना किसी बाधा के काम करने का मौका मिले। इसीलिए मोदी को हराने के नाम पर एक हुए विरोधी दलों के नेता 9 साल में भी मोदी को पहचान नहीं पाए

28 सदस्यों वाले विपक्षी गठबंधन की दो दिन तक चली बैठक शुक्रवार को मुंबई में संपन्न हो गई। बैठक में संकल्प लिया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव 'जहां तक संभव हो' एकजुट होकर लड़ा जाएगा। एक पेज के प्रस्ताव में कहा गया है कि सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर बातचीत 'तुरंत शुरू की जाएगी और इसे गिव एंड टेक की सहयोगात्मक भावना के साथ अंजाम दिया जाएगा।' संबंधों में किसी भी गड़बड़ी को दूर करने और संयुक्त अभियान और संचार रणनीति तैयार करने के लिए 14 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। गठबंधन ने अभी संयोजक नियुक्त नहीं किया है और लोगो को भी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इंडिया गठबंधन के आगे सबसे बड़ी समस्या भाजपा के कैंडिडेट के आगे वन टू वन कैंडिडेट खड़ी करने में आने वाली है।जिसके लिए अभी गठबंधन की ओर से कोई इशारा नहीं किया गया है। कुछ नेताओं की ओर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के घोसी उपचुनाव की नजीर दी जा रही है कि कैसे वहां भाजपा के खिलाफ वन टू वन प्रत्याशी यहां खड़ा किया गया है।कांग्रेस ने घोसी में अपना प्रत्याशी नहीं खड़ा किया है और समाजवादी पार्टी को फुल सपोर्ट किया है।दरअसल घोसी कभी कांग्रेस की सीट रही नहीं इसलिए उसका प्रत्याशी खड़ा करना या न करना कोई मायने नहीं रखता है।किसी ऐसी सीट से जो कांग्रेस की परंपरागत सीट रही हो वहां दी हुई कुबार्नी ही असल में कुबार्नी है।बसपा ही यहां कुछ कर सकती थी पर पार्टी शुरू से ही उपचुनाव नहीं लड़ती रही है।इसलिए बसपा का कोई प्रत्याशी यहां से नहीं है।उत्तरप्रदेश में पिछले कई चुनावों से वाम पार्टियां अपना चुनावी अस्तित्व खत्म कर चुकी हैं इसलिए उनके भी चुनाव लड़ने या न लड़ने का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है।इसलिए यहां तो बात बन गई पर दूसरी जगहों पर क्या होगा ? अटकलें हैं कि 2019 में जो पार्टी जो सीटें जीती थी, वो सीटें उसे दी ही जाएं। साथ ही जिन सीटों पर जिस पार्टी के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे थे, वो सीटें भी उसी पार्टी को दी जाएं।इस तरह रनरअप फॉमूर्ले से कांग्रेस पार्टी को 261 सीटें देनी मजबूरी होंगी। जबकि ममता बनर्जी कहती रहीं हैं कि कांग्रेस 200 सीटों पर लड़े, जाहिर है कि ममता बनर्जी को ये पसंद नहीं आएगा।दूसरी ओर इस फामूर्ले को अप्लाई करने पर पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को केवल एक सीट मिल पाएगी और वाम दलों को तो वह भी नहीं। आम आदमी पार्टी की दिल्ली और पंजाब में सरकार है पर उसे केवल तीन ही सीट मिल पाएंगी।इंडिया गठबंधन के अधिवेशनों में माहौल तो खूब बन रहा है पर मुद्दों पर ठोस काम का अभाव दिखता रहा है। भिन्न- भिन्न विचारों वाली पार्टियों के बीच गंभीर मुद्दों पर आम सहमति कैसे बनेगी? यूसीसी और महिला आरक्षण और मंदिर के मुद्दे पर आपस में सर फुटोव्वल की नौवत आने की हमेशा आशंका बनी रहेगी। दरअसल यूसीसी पर आम आदमी पार्टी का हमेशा से सपोर्ट रहा है। इसी तरह शिवसेना का मंदिर आंदोलन से गहरा नाता रहा है। बाबरी मस्जिद गिराने का श्रेय शिवसेना लेती रही है।महिला आरक्षण का खुलकर तो नहीं पर अंदर ही अंदर विरोध करने वाले दल भी गठबंधन में हैं।आने वाले दिनों में भाजपा ऐसी चालें चलेंगी कि इन दलों को इन मुद्दों पर अपना स्टैंड सार्वजनिक करना पड़ेगा। किसी खास चुनाव में मिले वोटों को आधार बनाकर सीटों की शेयरिंग कई राज्यों में बहुत मुश्किलें पैदा करेगी। खासकर उन स्टेट में जहां पिछले 2 चुनावों से कोई नई पार्टी उभर रही है। 2022 के विधानसभा चुनावों में गुजरात में कांग्रेस को 27.28 फीसदी वोट मिले थे जबकि भाजपा को 52.50 फीसदी वोट मिले।पांच सीटें आम आदमी पार्टी ने जीतकर करीब 15 फीसदी वोट हासिल करने में कामयाब रही थी।जाहिर है कि आम आदमी पार्टी कभी नहीं चाहेगी कि गुजरात में सीट शेयरिंग का फामूर्ला 2019 के चुनावों को बनाया जाए। आम आदमी पार्टी का वोट शेयर 2019 के मुकाबले 2022 में तेजी से बढ़ रहा है। इसका मतलब तो यही है कि 2024 में भी उसे ज्यादा वोट मिलने की उम्मीद होगी। ऐसी दशा में कोई भी पार्टी क्यों सीटों से समझौता करेगी?

ऐसा ही पेच कई 2024 में भी उसे ज्यादा वोट मिलने की उम्मीद होगी।ऐसी दशा में कोई भी पार्टी क्यों सीटों से समझौता करेगी? ऐसा ही पेच कई राज्यों में दिखने वाला है।कम से कम पश्चिम बंगाल,गुजरात और महाराष्ट्र और पंजाब में तो बहुत मुश्किल होगी। इसके आलावा इंडिया अलायन्स के जो नेता ये कह रहे हैं कि विपक्षी एकता से मोदी डर गए हैं, मोदी नर्वस हैं, वे शायद मोदी को जानते ही नहीं। जो लोग कह रहे हैं कि मोदी, विरोधी दलों की एकता से घबरा गए हैं, वे नहीं जानते कि मोदी किस मिट्टी के बने हैं। नर्वस होना, डरना, घबराना ये मोदी की फितरत में है ही नहीं। 13 साल पहले जब वह गुजरात में मुख्यमंत्री थे तो मोदी पर कौन सा हमला नहीं हुआ? उन्हें 'मौत का सौदागर' कहा गया, 'मुसलमानों का हत्यारा' कहा गया। पुलिस भी आई, एसआईटी भी बनी, पूछताछ भी हुई, कोर्ट में केस चले, मीडिया के हमले हुए, अमेरिका ने वीजा नहीं दिया, पूरी दुनिया में बदनामी हुई। केंद्र सरकार ने मोदी को पिन डाऊन करने के लिए पूरी ताकत लगा दी। उस्ताद पुलिस अफसर, चालाक ब्यूरोक्रैट, चतुर राजनेता सब मिलकर मोदी के पीछे लग गए। मेधा पाटकर, तीस्ता सीतलवाड़ जैसे न जाने कितने एनजीओ वाले मोदी को घेरने की कोशिश करते रहे। पर मोदी इन सारे हमलों का सामना करते रहे, बिना डरे लड़ते रहे, गुजरात में चुनाव जीतते रहे। जब मोदी लोकसभा का चुनाव लड़े तो सारे विरोधी दल इसी तरह मोदी के खिलाफ थे जैसे आज हैं। सब कहते थे मोदी कभी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे। सब मानकर बैठे थे कि मोदी चुनाव नहीं जीत पाएंगे, लेकिन मोदी ने सबको धूल चटा दी। दूसरी बार चुनाव हुआ तो 'चौकीदार चोर है' का नारा लगा। मोदी को उद्योगपतियों का दोस्त, किसानों का दुश्मन साबित करने की भरपूर कोशिश हुई, लेकिन पब्लिक पर इसका कोई असर नहीं हुआ। इस बार इल्जाम तानाशाही का है, लोकतंत्र की तबाही का है, पर अभी तक कोई साबित नहीं कर पाया कि मोदी ने लोकतंत्र के विरोध में ऐसा क्या किया है।

विरोधी दलों ने कहा कि मोदी इस बार जीत गए तो देश में कभी चुनाव नहीं होंगे। मोदी ने इसका जवाब दे दिया कि वह लोकसभा, विधानसभा, पंचायत सारे चुनाव कराना चाहते हैं, एकसाथ कराना चाहते हैं ताकि लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हों। हर सरकार को, राज्य में हों या केंद्र में, पांच साल बिना किसी बाधा के काम करने का मौका मिले। इसीलिए मोदी को हराने के नाम पर एक हुए विरोधी दलों के नेता 9 साल में भी मोदी को पहचान नहीं पाए। वे समझ नहीं पाए कि मोदी किधर जा रहे हैं। वे इसी गलतफहमी में हैं और रहेंगे कि मोदी डर गए और मोदी किसी और रास्ते से आ जाएंगे।

गुरुकुल के अनुरूप शैक्षणिक परिवेश

दिलीप अग्निहोत्री

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक और संकल्प सिद्ध हुआ। श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की योजना शुरू की थी। सभी 18 मंडलों में इन विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। पहले चरण में प्रदेश के 18 मंडलों में एक-एक विद्यालय की स्थापना हुई है। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा बचे हुए सत्तावन जनपदों में इसी तर्ज पर एक एक विद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इन विद्यालयों के निर्माण सम्बन्धी कार्य पूरे हो चुके हैं। इनका पहला सत्र शीघ्र प्रारम्भ होगा। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर गुरुवार्ता संगम कार्यक्रम को संबोधित किया। अटल आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एडमिशन किट वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय भारत की प्राचीन गुरुकुल जैसी परम्परा की शुरूआत है। गुरुकुल परम्परा ने भारत को शिक्षा तथा समृद्धि के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाया था। इन विद्यालयों की स्थापना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा, श्रद्धेय अटल का नाम, तथा पं दीनदयाल उपाध्याय जी का संकल्प है। अटल आवासीय विद्यालय सभी सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय विद्यालय हैं। अटल आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य समाज के सबसे पिछड़े तथा अन्तिम पायदान से बच्चों की प्रतिभाओं को शिक्षित तथा प्रशिक्षित कर उन्हें गरिमामयी जीवन जीने के योग्य बनाना है। इन विद्यालयों में सामान्य बच्चों को भी प्रवेश दिया जाएगा। अटल आवासीय विद्यालयों के भवन उच्च श्रेणी के बनाए गए हैं। इन विद्यालयों का परिसर करीब पंद्रह एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इन विद्यालयों में शिक्षा के साथ ही स्किल डेवलपमेंट तथा खेलकूद की गतिविधियों के लिए भी स्थान है। यहां बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास भी हैं। योगी आदित्यनाथ अनेक अवसरों को विकास से जोड़ने के प्रति सजग है।

उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस भी उसके लिए ऐसा ही अवसर रहा है। 24 जनवरी को यह स्थापना दिवस मनाया जाता है। योगी आदित्यनाथ ने स्थापना दिवस को भी विकास का अवसर बना दिया। ऐसे ही स्थापना दिवस पर उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की घोषणा की थी। पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने सरकार को उत्तर प्रदेश दिवस आयोजित करने का सुझाव सपा सरकार को दिया था। लेकिन उसने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। योगी आदित्यनाथ जब मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने इस ओर ध्यान दिया। उन्होंने 24 जनवरी को न केवल उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का निर्णय किया, बल्कि इसे उत्तर प्रदेश के विकास से जोड़ दिया। विश्वकर्मा पुरस्कार की यही प्रतिध्वनि थी। धीरे धीरे इसका विस्तार पूरे प्रदेश में किया गया। लखनऊ में सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन होता है।

अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर सभी 18 कमिश्नरी में अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ किया गया। इससे पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों व निराश्रित बच्चों हेतु भी आवासीय विद्यालय उपलब्ध होंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विद्यालयों में नियमित मॉर्निंग असेम्बली होनी चाहिए। प्रार्थना सभा में सभी बच्चे सम्मिलित हों। यहां भारत की परम्पराओं के विषय में जानकारी दी जाए। विद्यार्थियों को किसी भी राष्ट्रीय पर्व अथवा आध्यात्मिक आयोजन से पहले इनके महत्व के विषय में बताया जाना चाहिए। त्योहारों के आध्यात्मिक व धार्मिक पक्ष होते हैं। त्योहारों के प्रेरणादायी पक्षों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाना चाहिए। विद्यालय का परिसर तथा प्रवेश द्वार आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण होना चाहिए। इसके लिए अलग-अलग प्रकार के वृक्षों को लगाया जाना चाहिए। विद्यालय में पुष्पदार पौधे लगाये जाने चाहिए। अलग-अलग जगह पर आम्र वाटिका, जामुन वाटिका, अमरूद वाटिका आदि वाटिकाएं विकसित की जानी चाहिए। सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष भी लगाए जा सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत की शिक्षा की नींव को आगे बढ़ाने का कार्य होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के पहले स्थापना दिवस पर एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी योजना लॉन्च की गई थी। यह योजना प्रदेश के निर्यात को तेजी से आगे बढ़ाने में कारगर साबित हुई है। जहां देश का निर्यात आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा है। वहीं उत्तर प्रदेश का निर्यात अट्ठाइस फीसद की दर से बढ़ा है। दूसरे स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की गई। तीसरे स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए आधारशिला रखी गई थी। प्रदेश सरकार ने कुशलता से विकास और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संतुलन स्थापित किया है। अटल आवासीय विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन विद्यालयों में छात्रों के रहने रऔर सभी प्रकार की सुविधाओं की व्यवस्था सरकार करेगी योगी आदित्यनाथ ने अन्तरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर बाल मजदूरी करने वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए बाल श्रमिक विद्या योजना की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा था कि 'परिस्थितियों के चलते इन बच्चों को बाल मजदूरी करनी पड़ती है। इससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इन बच्चों की प्रतिभा का लाभ देश और समाज को नहीं मिल पाता जिससे दोनों को अपूरणीय क्षति होती है। इन बच्चों को बाल मजदूरी से बचाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों ने समय-समय पर कानून बनाए लेकिन इस पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई। बाल मजदूरी करने वाले आठ से 18 साल के बच्चों के लिए उनकी सरकार बाल श्रमिक विद्या योजना शुरू की गई थी। इस योजना के पहले चरण में सत्तावन जनपदों में बालश्रम से जुड़े हुए दो हजार बच्चों एक हजार रुपये प्रतिमाह और बालिकाओं को बारह सौ रुपये प्रतिमाह देने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा आठवीं, नौवीं और दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये देने का प्रावधान भी इस योजना में किया गया है।

अब सूरज की ओर कदम..

प्रभुनाथ शुक्ल

अंतरिक्ष विज्ञान में भारत महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। अंतरिक्ष की दुनिया में सबसे कम खर्च में हमारे वैज्ञानिकों ने बुलंदी का झंडा गाड़ा है। हम चांद पहुंच चुके हैं और कदम सूरज की तरफ बढ़ गए हैं। कभी हम साइकिल पर मिसाइल रखकर लांचिंग पैड तक जाते थे, लेकिन आज हमारे पास अत्याधुनिक तकनीकी उपलब्ध है। इसका लोहा अमेरिका और दुनिया के तकनीकी एवं साधन संपन्न देश मानते हैं। इसरो के चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग ने सारी दुनिया को चौंका दिया। इस सफलता की पूरी दुनिया गवाह बनी। अंतरिक्ष में यह नए युग की शुरूआत है। अंतरिक्ष में बढ़ते कदम की वजह से चन्द्रमा के साथ-साथ अन्य तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मिशन का उपयोग हम विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। इसकी वजह कृषि एवं दूसरे क्षेत्र में बड़ा फायदा मिलेगा। हमारे सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की वजह से मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। भीषण चक्रवातीय तूफानों की त्वरित सूचना समय पर उपलब्ध होने से लोगों को आपदा से बचा लिया जा रहा है। जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सका है। चंद्रमा कभी हमारे लिए किस्से-कहानियों में होता था। अब चंद्रलोक की बहुत सारी जानकारी हमारे पास है। दुनिया के लिए चांद अब रहस्य नहीं है। वैज्ञानिक शोध से यह साबित हो गया है कि चांद पर जीवन बसाना आसान है। अब हमारे कदम सूर्य की तरफ बढ़ गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दो सितंबर को देश के पहले सूर्य मिशन के तहत 'आदित्य-एल1' यान को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित कर दिया है। इसरो ने कहा है कि प्रक्षेपण सफल रहा।

'आदित्य-एल1' सूर्य परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर 'एल1' (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अवलोकन करेगा। 'आदित्य एल1' सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष यान है। इसे इसरो के सबसे भरोसेमंद पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) के जरिये श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। 'आदित्य-एल1' के 125 दिन में लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर लैग्रेंजियन बिंदु 'एल1' के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद है। इस कक्षा को सूर्य के सबसे करीब माना जाता है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप या कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), सूर्य के धधकने संबंधी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं के अलावा पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को समझना है। 'आदित्य-एल1' के साथ सात पेलोड हैं। इनमें से चार सूर्य के प्रकाश का निरीक्षण करेंगे। इसरो ने साफ किया है कि सूर्य गैस का एक विशाल गोला है और आदित्य-एल1 सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगा। आदित्य-एल1 न तो सूर्य पर उतरेगा और न ही सूर्य के करीब आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदित्य एल-1 की सफल लॉन्चिंग के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

दर्द से जकड़ा है देश का चौड़ा मुँह: जयंत महापात्र

ऋषभदेव शर्मा

जयंत महापात्र (22 अक्टूबर, 1928 – 27 अगस्त, 2023) भारतीय अंग्रेजी साहित्य के सर्वाधिक चर्चित हस्ताक्षरों में सम्मिलित हैं। उनकी पहचान कविता के एक ऐसे प्रशांत स्वर के रूप में है जिसमें सदा भारतीयता अनुगुंजित होती रहती है। उनकी दृष्टि में, मानव मन को सर्वाधिक प्रभावित करने वाली शक्ति कविता है, इसीलिए वे चाहते हैं कि कवि को मानव जीवन की परिस्थितियों पर दूसरी तमाम चीजों से अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने अपने काव्य में ऐसा ही किया है और इसीलिए वे सही अर्थों में मनुष्यता के कवि है।

उनकी कविता में प्रेम है तो प्रेम से मोहभंग भी है। वे वर्तमान काल के एकाकीपन और उससे जुड़े भय तथा यातना को अपनी कविता में वाणी प्रदान करने वाले समर्थ, तथा सही अर्थों में समकालीन, कवि रहे। जीवनराग विविध रूपों में उनकी कविता में फूट पड़ता दिखाई देता है – और जीवन से जुड़े भय तथा भ्रम भी, चाहे वे बुढ़ापे से संबंधित हों या मृत्यु से, भूख से संबंधित हों या आतंक से। उन्होंने सुनहरे अतीत के गीत गाए हैं, लेकिन उसके व्यामोह में वे नहीं फँसते। बल्कि अतीत की स्मृतियाँ वर्तमान की व्याख्या करने में उनकी सहायता करती हैं और भविष्य के स्वप्न की प्रेरणा भी बनती हैं। उड़ीसा की मिट्टी में पले-पुसे इस महान कवि ने अपनी रचनाओं में स्थानीयता के रंगों को भी खूब उकेरा है – सुंदर भी और विद्रूप भी। जयंत महापात्र के निकट काव्यरचना परिवेश के वजन के दबाव को स्वीकार करने का, सहनीय बनाने का, एक यत्न है – इस तरह कि वह पोशाक जैसा हल्का हो जाए। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उससे उत्पन्न होने वाली पीड़ा समाप्त हो जाती हो।

नहीं, वह तो ज्यों की त्यों रहती है, हर शाम मंदिर की घंटियों की तरह जागती है और रचनाकार की हड्डियों पर अपना वजन लाद देती है। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि कवि न तो उस स्त्री की उपेक्षा कर सकता है जो घुटनों को छाती से लगाए लुटी-पिटी सी बैठी है और न ही उस हवा की आवाज सुनने से इनकार कर सकता है जो माँ की बाँहों में मरती बच्ची की चीख को उठाए फिर रही है।

यह पीड़ा आकाश तक फैली है – धरती फट गई है, उसके हर टुकड़े से उड़ चिड़िया दूर चली गई है, और बारिश का तो कहीं अता-पता ही नहीं। ऐसे में जीवन को चारों ओर से घेरता हुआ अनंत भय नाई की दुकान के समानांतर आइनों में प्रतिबिंबित होता नित्य बढ़ता चला जाता है, सुबह प्रकाशमान न होकर ताप भरे कूड़े-करकटों वाली भर रह जाती है और सूरज के तले केवल धुँआँ-धुँआँ बचा रहता है। परिणामस्वरूप व्यर्थताबोध आम आदमी की तरह कवि को भी डसने लगता है। दीवारों पर छिपकलियाँ हँसती हैं धीरे-धीरे और नम धरती पर कुकुरमुत्ते उगते हैं, जगने पर न रात का बोध होता है न दिन का, लगता है जीवन झूठा है और इस झूठ में समय बीत रहा है। कवि ने इस निरर्थकता और व्यर्थता को गहराई से पकड़ा है और उससे जुड़ी खीझ और ऊब के मनोभावों को सटीक अभिव्यक्ति प्रदान की है। जयंत महापात्र ने अपनी कविताओं में भूख और बदहाली के जो चित्र उकेरे हैं, संभवतः उनकी प्रेरणा उन्हें उड़ीसा की जनजातियों की जीवनस्थितियों से मिली होगी। इसीलिए गोल चक्कर काटते नर्तकों की परिधि पर नृत्य के आवेग के चरम क्षण में कवि ने बीते युगों के क्षण, धरती की शक्ति, पेड़ों की छाया और स्फटिक सबको टूटते देखा है- भुखमरी की शक्तिहीन खामोशी के समक्ष । भूख के साथ ही रात और आतंक के भी अनेकविध चित्रांकन जयंत महापात्र की कविता में मिलते हैं जो इतिहासबोध और समकालीनताबोध की संधिरेखा पर अवस्थित हैं:

रात आ रही है
केवल समुद्र की मरणांतक शांति
जिसमें एक नाव डूब गई
शहर की अंधी गली ने
बचपन के पेट को चबा लिया
और युवक की आँतों को छलनी कर दिया
मांस के खिलाफ भिंची मुट्ठी सा
फूट पड़ता है जीने का स्वाद
यहाँ कोई अंत नहीं
हृदय की नि:शब्द चीखों का,
केवल पवित्र जल्लाद तनकर खड़ा है
इतिहास को हड्डियों की गहराई में काटते हुए।

अपने बचपन से लेकर देश और मनुष्यता के इतिहास तक का मंथन करके कवि ने यह निष्कर्ष पाया है कि:

हमारे जाये हर एक बच्चे के भीतर
अंधकार का एक टुकड़ा है
जो उसका पीछा करता है
जहाँ भी जाए, दिन-रात।

अंधकार का यह टुकड़ा सर्वव्यापी है। बाहर भी है और भीतर भी। इसीलिए इससे बचने की खातिर खिड़की बंद करने से कोई लाभ नहीं होता क्योंकि कमरे में भी रात है। रात कमरे में ही नहीं, व्यक्ति के भीतर भी है जिसके अँधेरे में उसे बरसों गुम रहना पड़ता है – अपना रास्ता ढूँढ़ निकालने से पहले। अँधेरा परिवेश में भी है और देश में भी।

पर कोशिश करने पर भी रास्ता इसलिए नहीं मिलता कि हम अंधकार से लड़ने के लिए अंधकार का ही सहारा लेते रहते हैं। धरती की परछाइयों के आगे आकाश का रंग शर्मसार होता है, क्योंकि हम इतनी सी बात नहीं समझ पाते कि "मानव का वैर खुद हमसे कैसे हिफाजत करेगा हमारी?" परिणाम स्पष्ट है कि पृथ्वी-ग्रह हिंसा और असुरक्षा से घिरा हुआ है। आज हर आदमी की आत्मा एक-दूसरे की हत्या करने के कारण भारी है। इस युद्ध और आतंकवाद से भरी हुई दुनिया में बुद्ध और ईसा के बाद सर्वाधिक प्रासंगिक यदि कुछ है, तो वह है गांधी की अहिंसा का दर्शन। जयंत महापात्र ने अपनी कविताओं में महात्मा गांधी को कई तरह से याद किया है, पुकारा है:

ईसा के इतने सालों बाद
तुम रो पड़े तो क्या तुमने रुदन को पुकारा?
तुम सभी चीजों की एकता को छूते हो
दिन का लालित्य आता और जाता है
ताकि तुम्हारे शरीर से आसानी से जिंदगी बहे
साथ में खून भी जो कि हमारी नियति को भविष्यवाणी देता है
ताकि हम यह समझें कि
यह देश तुम्हारा कितना साथ देता है!

महात्मा गांधी और उनके स्वप्न का स्वराज्य इसलिए भी कवि को बार-बार याद आता है कि पिछली पौन शताब्दी में भारत में प्रतिदिन महात्मा गांधी की हत्या हुई है और उनके स्वप्न के साथ बलात्कार हुआ है। लोकतंत्र की विफलता को लक्षित करते हुए कवि एक साधारण जागरूक नागरिक के रूप में स्वयं को भी इस सबके लिए उत्तरदायी मानते हैं:- छोटी

बच्ची का हाथ अंधकार से बना है
मैं इसे कैसे थामूँ?
सड़क की बत्तियाँ कटे हुए सिर की तरह लटक रही हैं।
खून हमारे बीच के उस डरावने दरवाजे को खोलता है
दर्द से जकड़ा है देश का चौड़ा मुँह
और शरीर काँटों की सेज पर
कराह रहा है,
इस नन्हीं बच्ची के पास बचा है बस बलात्कार किया हुआ शरीर ताकि मैं उसके पास पहुँचूँ,
मेरे अपराध का बोझ
मुझे रोक नहीं पाता उसे बाँहों में भरने से।"

इतने पर भी कवि को तब कुछ सांत्वना मिलती है जब इस कीचड़ में से, आत्माओं की एकत्र अस्थियों में से, कमल के ऐसे फूल के खिलने का संकेत मिलता है जो आँसू जैसा पवित्र है।

इस फूल की पंखुड़ियों में से शताब्दियों के अंधकार का खून बह रहा है, तथापि संतोष का विषय है कि कब्र के बाहर रोशनी की चोंच खुलती है और पड़ोसी के घर में बच्चा रोने लगता है तो भविष्य के इन शुभ संकेतों के बीच जागरण की संभावनाएँ रूपायित होती दिखाई देती हैं।

अंधकार में बजती टेलीग्राफ की कुंजियों की ठकठकाहट में जीवन का मर्म खोजने वाले भारतीय अंग्रेजी कवि जयंत महापात्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन कीर्तिशेष और कृतिशेष कालजयी रचनाकार के रूप में वे सदा यह कहते हुए हमारी चेतना को झकझोरकर जगाते रहेंगे कि:

तुम्हारी पाई आजादी के हाथ में फंदा है।
यह कीमती भ्रम है।
भारत के चेहरे पर भुलक्कड़ परछाई के रंग,
ऊपर तारों में लटके कौओं का शोर,
रूप खुद की परछाई में अदृश्य हो जाता है
और सूरज की खोखली छाया बहती जाती है गंगा में!

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कामतानाथ की पूजा कर शुरू की जन आशीर्वाद यात्रा

मप्र के सीएम समेत तमाम नेता हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मप्र में हो रहे विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा जन आशीर्वाद यात्रा को हरीझंडी दिखाने यहां भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा ने भगवान कामतानाथ के दर्शन कर पूजन किया। उनके साथ मप्र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ओपीध्यक्ष वैष्णव सिंह पटेल समेत भाजपा नेता मौजूद रहे। रविवार को जन आशीर्वाद यात्रा शुभारम्भ के पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जापान के गणपति भगवान व श्री कामतानाथ मंदिर में आशीर्वाद लिया। मंदिर के प्रधान पुजारी भरत शरण मिश्र, रोहित

महाराज और नीरज महाराज ने श्री कामतानाथ जी से जुड़े पौराणिक कथाओं के बारे में मंदिरों की स्थापना प्रभु श्रीराम के विग्रह दर्शन कक्ष में की थी। सभी राष्ट्रीय नेताओं को भगवान कामतानाथ के चित्र व मानसपुराण का आशीर्वाद दिया। भाजपा अध्यक्ष ने दीन फ्लोरिडा रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रकल्प आरोग्यधाम पहुंच कर भारत रत्न से प्रतिष्ठित राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। भाजपा पहली बार मप्र में एक साथ पांच यात्रायें निकालने जा रही है। पहले चरण की यात्रा प्रान्तीय जिले के सर्किट क्षेत्र के मझगवां के पास मिचकुरिन गांव से शुरू होगी। 17-18 दिन में ये यात्रा 10543 किमी की दूरी तय करती है। 25 सितम्बर को भोपाल में कार्यकर्ता महाकुंभ के साथ इन वृत्तांतों का समापन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भोपाल आ सकते हैं।

तीन सितम्बर को पहली यात्रा चित्रकूट से शुरू होगी। ये यात्रा निवाड़ी से होती हुई भोपाल तक जाती है। चार सितंबर को दूसरी यात्रा नीमच से शुरू होगी। मंदसौर की विधानसभा तक जायेगी। पांच सितंबर को तीसरी यात्रा मंडला से शुरू होगी। जबलपुर होते हुए भोपाल पहुंचेगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुरूआत करेंगे। इसी दिन चैथी यात्रा की शुरूआत श्योपुर के होगी। छह सितंबर को पांचवीं यात्रा खंडवा से शुरू होगी। भोपाल स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय से जन आशीर्वाद यात्रा को पांच रथ शनिवार को रवाना हुए।

मनीष कुमार त्रिपाठी ने बढाया जिले का गौरव

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। जिले के मऊ कस्बे के मनीष कुमार त्रिपाठी पुत्र रमेश चंद्र त्रिपाठी ने प्रयागराज स्थित केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल मनौरी में सबसे युवा प्रिंसिपल नियुक्त होने का गौरव प्राप्त किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन के अब तक के इतिहास में 35 वर्ष की उम्र में सबसे युवा प्रिंसिपल बनकर मनीष कुमार त्रिपाठी ने जिले का मान बढ़ाया है। केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल मनौरी प्रयागराज के पूर्व प्राचार्य डॉ शालिनी दीक्षित के सहायक आयुक्त पद पर कार्यभार ग्रहण कर लेने के बाद रिक्त प्राचार्य पद पर मनीष कुमार त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण किया है। इस मौके पर सहायक आयुक्त केविएस वाराणसी संभाग डॉ शालिनी दीक्षित भी मौजूद रहीं। प्राचार्य त्रिपाठी एवं सहायक आयुक्त का उप प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्र ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इससे पूर्व त्रिपाठी केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली मे बतौर सहायक शिक्षा अधिकारी कार्यरत थे। उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। वह डायमंड जुबली के अंतवासी भी रहे हैं।

शिक्षक संघ मांगों के समर्थन में आज देगा धरना: अखिलेश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर पुरानी पेंशन बहाली समेत 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में चार सितंबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मांगों को लेकर विशाल धरना देने का ऐलान किया है।

रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के जरिये सूबे के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा। उप्रप्राशि संघ जिले में धरना-प्रदर्शन करेगा। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने जिले के शिक्षक-शिक्षिकाओं से अपनी उपस्थिति देने की अपील की है, ताकि शासन-प्रशासन को शक्ति का एहसास करा सकें। जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडे ने कहा कि जिले के सभी विकास खण्डों के शिक्षक-शिक्षिकायें जायज मांगों के समर्थन में चार सितंबर को अपरान्ह तीन बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचें। अपने हक, मान-सम्मान और अधिकार की लड़ाई को धरने में हाजिर हों।

पर्यावरण संरक्षण को जरुरी हैं पौधे: रचना अग्रवाल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पर्यावरण संरक्षण और विद्यालय को हरा-भरा बनाने, बच्चों को स्वच्छ शैक्षिक माहौल देने की गरज से सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल अशोह में वृक्षारोपण हुआ। स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती रचना अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि गोष्ठी में हिस्सा लिया।

रविवार को सुषमा स्वरुप इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती रचना अग्रवाल ने कहा कि मानव जीवन में वृक्षों का बहुत महत्व है। शुद्ध वायु के लिए पौधरोपण होना चाहिए। बच्चों में भी वृक्षारोपण के प्रति लगाव पैदा हो, इसके लिए पौधारोपण के कार्य सराहनीय हैं। जो भी पौधे लगाये हैं, उनकी देखरेख और सुरक्षा की जिम्मेदारी बच्चों और शिक्षकों को सौंपी जाए। इस मौके पर निदेशक उमंग गोयल, अक्षत अग्रवाल व प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू वर्मा समेत शिक्षक-शिक्षिकायें व बच्चों ने बढ़-चढ़कर पौधारोपण में हिस्सा लिया। इस मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने वृक्षों के महत्व और उन्हें बचाने को श्लोगन-पेंटिंग से शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

तिरंगा लेकर शिक्षामित्रों ने किया धनुष चौराहा जाम

शिक्षामित्रों ने उठाई मांगें, चेताया नौ अक्टूबर को लखनऊ में होगा प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रसेन यादव की अगुवाई में शिक्षामित्रों ने जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन कर सांसद आरके सिंह पटेल को ज्ञापन सौंपा। शिक्षामित्रों ने प्रदर्शन दौरान राष्ट्रीय झंडा तिरंगा हाथों में ले रखा था।

रविवार को उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर कुछ देर को धनुष चैराहे में जाम लगा दिया। जाम को खुलवाने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पडी। शिक्षामित्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर सांसद के घर तक गये। वहां सांसद के न मिलने पर सौंपे ज्ञापन में कहा कि 22 साल से शिक्षामित्रों की समस्याओं पर कोई

ध्यान नहीं दे रहा। शिक्षामित्रों ने आर्थिक स्थिति दयनीय होने का जिक्र करते हुए कहा कि नियमावली में संशोधन कर शिक्षामित्रों को पुनः समायोजित किया जाये। समायोजन प्रक्रिया पूरी होने तक सम्मानजनक वेतन दिया जाये। नई शिक्षा नीति में शिक्षामित्रों को शामिल कर भविष्य सुरक्षित किया जाये। मृतक शिक्षामित्रों को मदद देकर आश्रित को जीविकोपार्जन को नियुक्ति दी जाये। टीईटी पास शिक्षामित्रों को नियमों में शिथिलिता बरतते हुए सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति दी जाये। मूल विद्यालय में वापसी से वंचित शिक्षामित्रों को पुनः अवसर दिया जाये। सितम्बर माह तक शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान न हुआ तो नौ अक्टूबर को प्रदेश के लाखों शिक्षामित्र लखनऊ की धरती में आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर खासतौर पर जिलाध्यक्ष इन्द्रसेन यादव, मंडल अध्यक्ष संतलाल त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष नन्दकिशोर दीक्षित, महामंत्री दिगम्बर दुबे, सर्वेश यादव, आलोक जायसवाल, अश्वनी कुमार सिंह, बृजेन्द्र पाल, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, इन्द्रनारायण, नीलेश, ओंकार अहिरवार, राजेश, विनोद त्रिपाठी, नीतमाला, देवानन्द यादव, ममता देवी, केतकी देवी, मिथला देवी, सुनीता देवी आदि शामिल रहीं।

भैंस चोरों पर मेहरबान पुलिस, पत्र देने पर भी नहीं हुई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर थाने के सरैंया चैकी में सरैंया गांव के राजापुर रोड़ तिराहे के पास से 23/24 अगस्त को भैंस चोरों ने दो भैंस व एक पडिया प्रेमचंद्र पुत्र भइयालाल के घर के बाहर से अज्ञात लोग चुरा ले गये थे। दूसरी ओर मनीष कुमार पुत्र मांगलिस की एक भैंस घर के अंदर से चोरी हुई थी। पीडित प्रेमचंद पुत्र भइयालाल ने चैकी प्रभारी को सूचना दी थी, कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित काफी दिनों से भैंसों की खोजबीन कर रहे थे। 28 अगस्त को पता चला कि राजापुर मंडी में भैंस बिक रही हैं। पीड़ित राजापुर मंडी पहुंचे। वहां से पीड़ित प्रेमचंद की पडिया बरामद हुई। पीड़ित को भैंस चोरों का पता चला। नामजद पत्र 29 अगस्त को प्रेमचंद व मनीष कुमार ने मानिकपुर थानाध्यक्ष को दिया, कोई कार्यवाही नहीं हुई। रविवार को पीड़ितों ने बताया कि एक सितम्बर को पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। चैकी प्रभारी सरैंया ने पीडितों को पडिया समेत चैकी बुलाया। पीड़ित समेत सैंकड़ों ग्रामीण चैकी पहुंचे। वहां पडिया की शिनाख्त को कुछ लोग मप्र से बुलाए गए थे। पडिया चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य भी पहुंचे थे। शिनाख्त के बाद पडिया प्रेमचंद को दे दी गई। पीड़ितों की भैस का पता न चलने से पीड़ितों ने संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मानिकपुर में पत्र दिया था। इसे लेकर थानाध्यक्ष मानिकपुर ने पीड़ित प्रेमचंद के 24 अगस्त को सरैंया चैकी में दिए पत्र अनुसार दो सितम्बर को अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पीड़ित मनीष कुमार अभी भी न्याय को भटक रहा है। मनीष कुमार ने बताया उसकी भैंस चोरी हुई थी, तब वह बाहर था। पुलिस अधीक्षक को पत्र देने और संपूर्ण समाधान दिवस में पत्र देने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।

डीएम अन्जान, डीएम के नाम पर हो रहा करोडों का खेल

0 सूचना विभाग का प्राइवेट कर्मी की अंतहीन लूट कब होगी बन्द?

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। साहेब! डीएम साहेब आपसे बहुत खफा हैं। कार्रवाई करने के मूड में है। अरे यार, कुछ करो- अच्छा ये लो दस हजार रुपये रख लो, जब डीएम साहेब की नाराजगी दूर हो जाये तो बताना, फिर और कर दूंगा। ये वातार्लाप तकरीबन बीस साल से जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत प्राइवेट आदमी/मारे गये पांच लाख रुपये के ईनामी डकैत ठोकिया का खास करता चला आ रहा है। इस तरह से उसने डीएम के नाम पर लोगों से करोडों रुपये ऐंठे हैं। इस अवैध कमाई से उसने शहर समेत आसपास के क्षेत्रों में दस से 15 प्लाट खरीद रखे हैं। गांव में भी ऐसी आलीशान अत्याधुनिक इमारत खडी की है कि अडानी-अम्बानी फेल हैं।

तकरीबन बीस साल से जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत प्राइवेट आदमी ने विभिन्न विभागों में लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर करोडों रुपये ठगे हैं। किसी को दिलाई है तो किसी के रुपये हडपे हैं। अभी हाल में आंगनबाडी की नौकरी दिलाने के नाम पर भी खासी रकम ले रखी है। विभिन्न विभागाध्यक्षों को लम्बे समय से खुद को जिला सूचना अधिकारी बताता है। जिलाधिकारी की व्हाट्सअप में फोटो लगाकर खुद को डीएम का खास बताता है। इस तरह से वह अधिकारियों पर रौब गालिब कर अपना उल्लू सीधा कर रहा है। डीएम की बैठकों में बतौर जिला सूचना अधिकारी शामिल होकर भी अधिकारियों के बीच खासी पैठ बनाये है। यहां तक कि डीआईओ ग्रुप में बतौर एडमिन होने का खासा लाभ ले रहा है। गोपनीय सूचनायें भंग कर गोपनीयता अधिनियम के तहत बीस साल से अपराध कर रहा है, फिर भी कोई कार्यवाही उस पर नहीं हो रही। इस बीच यहां डीएम रहे आशीष गोयल व जिला सूचना अधिकारी रहे तुलसीराम विश्वकर्मा ने उसे कोई तवज्जो नहीं दी। इनके कार्यकाल में इस पर कडी पाबन्दी रही है।

इसके बाद फिर वही पुराना सिलसिला शुरू हो गया है। जिला सूचना कार्यालय का खून इसके मुंह में लग गया है। अब ये नरभक्षी किस्म का हो गया है, किसी के मान-सम्मान की इसे परवाह नहीं है। जो मन में आता है, कहता-फिरता है। समय रहते इसे जिला सूचना कार्यालय से चलता न किया तो किसी भी जिला स्तरीय अधिकारी के साथ कोई गम्भीर हादसा हो सकता है, क्योंकि इसके पांच लाख रुपये के ईनामी मारे गये डकैत ठोकिया से खासे सम्बन्ध रहे हैं। यहां सीओ रहे आलोक जायसवाल ने दस्यु ठोकिया को लेकर इस पर शिकंजा भी कसा था, लेकिन उस समय के जिला सूचना अधिकारी ने इसे बचा लिया था। अपराधी प्रवृत्ति के इस प्राइवेट आदमी के कारनामों की लम्बी फेहरिश्त है। इसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय से कराई जाये तो करोडों की सम्पत्ति का खुलासा होने में देर नहीं लगेगी। विभिन्न अधिकारियों की संलिप्तता में इसने करोडों रुपये अवैध ढंग से बनाये हैं। कल तक इसे साइकिल भी नसीब नहीं थी, आज नई कार से चल रहा है। इसके तेवर देखते ही बनते हैं, कई लोगों को सूचना विभाग से मान्यता दिलाकर भी इसने लाखों रुपये ऐंठे हैं। इसके लूट के अंतहीन सिलसिले पर अब विराम कब लगेगा?

सपा मानसिकता के अधिकारियों को दिखायें बाहर का रास्ता: विकास मिश्रा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा उर्फ हीरो ने बताया कि उप्र के राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव अनिल कुमार यादव ने 29 अगस्त 2023 को साफतौर पर आदेश दिये हैं कि प्राइवेट लोगों को सरकारी कार्यालयों से बाहर किया जाये। इसे बाहर करने की बाबत जिला सूचना अधिकारी से भी उन्होंने वार्ता की है। कहा है कि कैसे उसे रखे हैं। जिला सूचना अधिकारी ने फोन पर कहा कि वह अभी बैठक में है। बाद में बात करेंगे। इसके बाद जिला सूचना अधिकारी ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष से कोई बात नहीं की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा ने कहा कि राजस्व विभाग में मानिकपुर समेत जिले में जो भी सपा मानसिकता के अधिकारी हैं, उनका चिन्हीकरण किया जा रहा है। ऐसे लोग भाजपा के मूल वोटरों को परेशान करते हैं। पार्टी को लोकसभा चुनाव में भारी खामियाजा उठाना पडेगा। चुनाव से पहले ऐसे अधिकारियों को जिले से बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा।

आप की हुई समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आम आदमी पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला, जिला प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी विस्तार की समीक्षा हुई।

रविवार को जिला प्रभारी ने जिले में नियुक्त सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को अपने प्रकोष्ठ की बैठक तथा जिले के पांचों ब्लाकों में कमेटियां गठन निर्धारित समय से पहले पूरी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रेमचन्द्र पटेल, अब्दुल खालिक, प्रमोद कुमार सोनी, दिलीप सिंह पटेल, नर्वदा प्रसाद यादव, लवलेश केसरवानी, डॉ रमाकांत गुप्ता, अंकित सिंह, बच्चाराम बौद्ध आदि मौजूद रहे।

पंं कमलापति त्रिपाठी के बताये मार्ग पर चलने का कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्व पं कमलापति त्रिपाठी की जयंती जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

रविवार को कांग्रेस कार्यालय में हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व मुख्यमंत्री पंडित जी का देश की प्रगति में योगदान रहा है। उन्होंने समाज के गरीबों के कल्याण को बहुत कार्य किये। कांग्रेस में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस को मजबूत करने को सभी लोग मिलकर काम करें। 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनायें। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी पीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि पंडित जी ने हमेशा समाज को आगे बढ़ाने का काम किया। ऐसे महापुरुष को शत-शत नमन करते हैं। सभी कांग्रेसी संकल्प लें उनके बताए मार्ग पर चलें। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, तानाशाही, भ्रष्टाचार के खिलाफ आमजनता के हितों के लिए संघर्ष करते हुए कांग्रेस को मजबूत करें, तभी पंडित जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, कुलदीप मिश्रा, प्रदेश महासचिव सेवादल शिव गुलाम वर्मा, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, विजयमणि त्रिपाठी, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, आशीष मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश कुमार पांडे समेत कांग्रेसी मौजूद रहे।

पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे हैं।

रविवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्र की अगुवाई में दरोगा कन्हैयालाल बख्स सिंह की टीम ने आबकारी अधिनियम के वारंटी ननका पुत्र राममनोहर निवासी रगौली को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा सुशीलचंद्र निगम की टीम ने दस्यु संरक्षण के वारंटी सुनील उर्फ बल्लू पुत्र कल्लूराम निवासी बरुई मजरा रुकमा बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद की अगुवाई में दरोगा इमरान खान की टीम ने चोरी माल बरामद के वारंटी सीताशरण उर्फ रजुवा पुत्र शिवधनी निवासी लूक को गिरफ्तार किया है।

जिला मुख्यालय में सदगुरू ने निकाली नेत्रदान जागरूकता रैली

डीएम-एसपी व अध्यक्ष ने रैली को किया रवाना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। परमहंस संत रणछोड़ दास जी महाराज के कर कमलों से स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के 38वें नेत्रदान पखवाड़े के तहत जिला मुख्यालय के नगर पालिका परिषद से चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन तक सदगुरू नेत्र चिकित्सालय ने नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली।

रविवार को रैली के शुभारंभ के पहले श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्टी/प्रशासक डा इलेश जैन ने रैली में मौजूद लोगों का स्वागत किया। उन्होंने नेत्रदान की बाबत लोगो को बताया। ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर बीके जैन ने कहा कि क्षेत्र के लोग नेत्रदान के बारे में पूरी तरह नहीं जानते। जिस दिन नेत्रदान के बारे सब लोग लोगो को समझाने में सफल हो गये, उस दिन

समाज के तमाम भाई-बहन, बच्चे अंधेरे की जिंदगी जी रहे है, उनके जीवन में रोशनी भर देंगे। वे भी उनकी भांति दुनिया देख सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने नेत्रदान को पुण्य कार्य बताते हुए कहा कि इससे बड़ा कोई दान नही है। जिलाधिकारी अभिषेक आनद ने नेत्रदान का महत्व बताते हुए कहा कि नेत्रदान के लिए लोगो को प्रेरित करना, सबका काम है। ये एक पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि सदगुरू सेवा संघ के साथ जिले को मोतियाबिंद रहित करने का काम करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मृत्यु बाद शरीर के साथ आंखे भी जलकर राख हो जाती हैं। नेत्रदान से आंखे जिंदा रख सकते है। सबको पहल करनी होगी। रैली को जिलाधिकारी अभिषेक आनद व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सदगुरू सेवा संघ ट्रस्टी डा बीके जैन, ट्रस्टी इलेश जैन एवं शहर के समाजसेवियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नेत्रदान जागरुकता रैली में शहर के लोगो ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। रैली से नेत्रदान महादान के बारे में लोगो को जागरूक किया। नेत्रदान को लेकर लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करने के बारे में नारे लगाये।

इराक में प्रदर्शन के दौरान एक नागरिक की मौत, मैक्सिको में 16 वर्षीय छात्र की गोलीबारी में गई जान

किरकुक शहर। इराक के किरकुक शहर में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक नागरिक की मौत हो गई। वहीं, आठ लोग घायल हैं। विदेशी मीडिया के मुताबिक, इराक के बहुजातीय शहर किरकुक में काफी समय से तनाव है। जिस वजह से अधिकारियों ने कर्फ्यू लगा दिया। मैक्सिको के लुइसियाना में देर साम हाईस्कूल फुटबॉल मैच के दौरान गोलीबारी हो गई। गोलीबारी में 16 साल के एक छात्र की मौत हो गई तो वहीं, एक महिला घायल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभी तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद मेडिकल हेलीकॉप्टर पोर्ट एलन हाईस्कूल के मैदान में उतरा गया था, जहां से उन्हें सीधा अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज जॉगिंग करते गिरे, चेहरे पर चोट

जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज जॉगिंग के दौरान गिर पड़े जिससे उनके चेहरे पर चोट आई है। सरकार ने शनिवार को कहा कि हादसे के कारण शोल्ज को इस सप्ताहांत अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द करना पड़ा। घटना के बारे में सरकार ने कहा कि 65 वर्षीय जर्मन नेता के साथ 'एक छोटी सी दुर्घटना' हुई थी और रविवार को मध्य हिस्से क्षेत्र में उनके कार्यक्रम रद्द कर दिए गए जहां राज्य के चुनाव हो रहे हैं। मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में अब तक के सबसे बड़े संयुक्त सैन्य अभ्यास ब्राइट स्टार-23 में भाग लेने के लिए भारतीय सेना और वायुसेना (आईएएफ) की टुकड़ी अलेक्जेंड्रिया पहुंची। इसका उद्घाटन समारोह 31 अगस्त को आयोजित हुआ था।

इराक में शिया तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी, 18 लोगों की मौत

सिंगापुर। विश्व राजनीति में भारतवंशियों का दबदबा और बढ़ गया है। अब भारतीय मूल के थर्मन षणमुगरत्नम सिंगापुर के 9वें राष्ट्रपति निर्वाचित होने से वह विश्व के आठवें देश के भारतवंशी राष्ट्र प्रमुख बन गए हैं। थर्मन के माता-पिता तमिल हैं तथा सिंगापुर में तमिल जनसंख्या लगभग 9 प्रतिशत है। इससे पूर्व 7 अन्य देशों में भारतीय मूल के 7 नेता या तो राष्ट्रपति पद पर विराजमान हैं या प्रधानमंत्री पद को सुशोभित कर रहे हैं। सिंगापुर के राष्ट्रपति षणमुगरत्नम से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ, लैटिन अमरीकी देश सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली, सेशल्स के राष्ट्रपति वावेल राम कलावन व आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर भारतीय मूल के राजनेता हैं जो शीर्ष पदों पर पहुंचे हैं। थर्मन ने राजनीति में आने के 22 वर्षों के बाद राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लडने के लिए जुलाई में सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पी.ए.पी.) और कैबिनेट में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। यह कुछ विश्लेषकों के लिए आश्चर्यजनक और अप्रत्याशित रहा क्योंकि पिछले कुछ सप्ताह में पी.ए.पी. को परेशान करने वाले घोटालों को देखते हुए लग रहा था कि इससे उनकी उम्मीदवारी पर दाग लग सकता है। सिंगापुर की वर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का 6 वर्ष का कार्यकाल 13 सितम्बर को समाप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने शनिवार को थर्मन को बधाई देते हुए कहा कि सिंगापुर के लोगों ने निर्णायक अंतर से थर्मन षणमुगरत्नम को हमारा अगला राष्ट्रपति चुना है। वह भारतीय मूल के कई उन नेताओं में से हैं जो वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक सेवा के उच्चतम स्तर तक पहुंचे हैं। उनकी जीत विश्वभर में भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है।

खालिस्तानियों के समर्थन में उतरी कनाडा की स्थानीय सरकार, सरकारी स्कूल में दी जनमत संग्रह कराने की अनुमति

टोरंटो । कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। देश की प्रांतीय सरकारें भी भारत में खालिस्तानी आतंकियों के प्रतिबंधित संगठन सिख्स फार जस्टिस (एस.जे.एफ.) को खुल कर समर्थन दे रही हैं। इसी कड़ी में बी.सी. की प्रांतीय सरकार और स्कूल बोर्ड ने सरी के सरकारी तमनविस सैकेंडरी स्कूल में 10 सितम्बर को खालिस्तान जनमत संग्रह की अनुमति दी है, जिसके बाद एस.जे.एफ. ने जनमत संग्रह का पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में आतंकी तलविंदर सिंह परमार की ए.के. 47 के साथ तस्वीर छपी है, जिसे 1985 के एयर इंडिया (कनिष्क) बम विस्फोट में 300 लोगों की मौत का जिम्मेदार माना जाता है। कई बार चेतावनी के बाद भी कनाडा सरकार भारत विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। एस.एफ.जे. द्वारा 10 सितम्बर का जनमत संग्रह आतंकवादी तलविंदर सिंह परमार को समर्पित है। जानकारी के मुताबिक तलविंदर के पोस्टर स्कूल परिसर में चारों तरफ चिपकाए जाएंगे।

काठमांडू के मेयर गाड़ी रोकने पर भड़के, दोबारा ऐसा होने पर सिंहदरबार फूंकने की धमकी दी

काठमांडू। काठमांडू के मेयर बालेन शाह के फेसबुक स्टेटस ने रात करीब नौ बजे नेपाल के राजनीतिक गलियारे में हलचल पैदा कर दी है। देश के मुख्य प्रशासनिक भवन सिंहदरबार में आग लगाने की धमकी देने के उनके इस स्टेटस पर समर्थक खुशी से उछल पड़े।

मेयर बालेन शाह ने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा -आज तो कुछ नहीं हुआ। यदि कल से किसी भी पुलिस वाले ने काठमांडू महानगरपालिका की कोई भी गाड़ी रोकी तो सिंहदरबार में आग लगा दी जाएगी। इतना ही नहीं अपने स्टेटस के अन्त में बालेन ने नेपाल सरकार को चोर की संज्ञा दी।

दरअसल हुआ यूं था कि उनके सरकारी वाहन को ट्रैफिक पुलिस ने कुछ देर के लिए रोक लिया था। काठमांडू ट्रैफिक पुलिस के प्रवक्ता राजेन्द्र प्रसाद भट्ट के मुताबिक नियमित चेकिंग के

दौरान तीव्र गति में रही गाड़ी को रोका गया। पता चला कि वह महानगरपालिका के मेयर की गाड़ी है। उसमें मेयर की पत्नी बैठी हैं। ट्रैफिक पुलिस ने सिर्फ इतना पूछा कि सरकारी अवकाश के दिन सरकारी गाड़ी चलाने की अनुमति है या नहीं? भट्ट ने बताया कि एक मिनट भी गाड़ी नहीं रोकी गई। मेयर साहब की पत्नी हैं, यह पता चलते ही गाड़ी को जाने दिया गया। इस मुद्दे को बेवजह उछाला जा रहा है। बालेन के समर्थकों का कहना है कि मेयर की पत्नी गर्भवती हैं। लेबर पेन होने की वजह से उन्हें जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाना जरूरी था। आज सुबह मेयर की पत्नी ने बच्चे को जन्म दिया है। अपने बयानों से हमेशा विवादों में घिरने वाले मेयर ने इससे पहले अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर हिन्दी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने का फरमान जारी किया था। भारत की संसद में लगाए गए सांस्कृतिक नक्शा का विरोध कर भी विवादों में आ चुके हैं। हाल ही में चीन के नए नक्शे के विरोध में बालेन ने अपनी चीन यात्रा को रद्द करने की बात कही थी।

नेपाल में पुलिस के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार की मांग

काठमांडू। नेपाल में रहे सभी प्रदेश के गृह मंत्रियों ने केन्द्रीय सरकार के खिलाफ एक साथ कोर्ट में जाने का फैसला किया है। देश में संघीयता लागू करने के बावजूद पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार नहीं मिलने से नाराज प्रदेश की सरकारों ने इस मामले को लेकर कोर्ट जाने का फैसला किया है।

नेपाल के सभी सात प्रदेशों के गृह मंत्रियों की बैठक में पुलिस समायोजन अधिकार पाने के लिए अब कोर्ट में जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होने की बात कही गई है। इस सामूहिक बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में बागमती प्रदेश के गृह मंत्री गंगा श्रेष्ठ ने कहा कि केन्द्र सरकार संघीयता के मूल मर्म के खिलाफ काम कर

रही है, इसलिए अब उन लोगों के पास कोर्ट में जाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।कर्णाली प्रदेश के गृह मंत्री कृष्ण बहादुर जिसी ने कहा कि इस महीने के अंत तक अगर केन्द्र सरकार ने पुलिस के ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार प्रदेशों के हाथ में नहीं दिया तो सुप्रीम कोर्ट में केन्द्र सरकार के खिलाफ याचिका दायर की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशों ने अपने अपने यहां इस संबंध में कानून बना लिया है। केन्द्र ने भी कानून बनाकर पास कर दिया है तो फिर इसमें देरी क्यों हो रही है। सुदूरपश्चिम प्रदेश के गृह मंत्री शिवराज भट्ट ने कहा कि इस विषय को लेकर जल्द ही सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्री और गृह मंत्रियों में काठमांडू में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मुलाकात करने की योजना बनी है। नेपाल सरकार ने पिछले कार्यकाल में पुलिस समायोजन संबंधी कानून बनाकर संसद से पास कर दिया गया है और राष्ट्रपति ने उसे प्रमाणीकरण भी कर दिया है लेकिन इसे अब तक लागू नहीं करने के कारण केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार के बीच विवाद बढ़ गया है।

अंतरिक्ष में आर्थिक फायदे लेने की मजबूत स्थिति में भारत, ISS के पूर्व कमांडर का दावा

वाशिंगटन। अंतरिक्ष और इससे जुड़ी तकनीकों पर काम करते हुए भारत ने खुद को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। इन्हें वह आर्थिक रास्तों पर ले जाकर जमकर कारोबारी फायदे कमा सकता है। इसका फायदा भारत में कारोबारों व लोगों को होगा। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के पूर्व कमांडर व अपोलो मर्डर्स के लेखक क्रिस हेडफील्ड ने यह दावा किया।

आदित्य एल1 मिशन पर हेडफील्ड ने कहा कि एक जीवनकाल से भी कम समय में हमने जीपीएस उपग्रह, मौसम उपग्रह, दूरसंचार, चंद्र अभियान, सूर्य अभियान देख लिए हैं। अब दौड़ अंतरिक्ष के लिए नहीं है, बल्कि अब इस बात की दौड़ है कि इन सभी तकनीकों को अंतरिक्ष आधारित फायदेमंद कारोबारों में कौन बदल पाता है? यह फायदे इस दौड़ में शामिल सभी देशों और कंपनियों को मिलेंगे। भारत ने इस सब में अपनी एक अहम और मजबूत स्थिति बना ली है। हेडफील्ड ने कहा कि %मुझे लगता है कि पीएम मोदी के मन में यह बात कई वर्षों से थी। वे भारत के अंतरिक्ष और शोध संस्थानों के साथ सीधे शामिल होते हैं। इस समय यह सही और स्मार्ट कदम नजर आता है। वे इस क्षेत्र को विकसित कर रहे हैं और निजीकरण भी करते जा रहे हैं। इससे कारोबारों को फायदा पहुंचेगा और इस तरह भारतीय लोगों को लाभ होगा। आदित्य एल1, चंद्रयान 3 के मुकाबले करीब चार गुना दूरी तय करेगा, लेकिन यह पिघलेगा नहीं। न सूर्य की गर्मी इसे नुकसान पहुंचाएगी। इसरो के अनुसार आदित्य एल1 को सूर्य के ताप से बचाने के लिए कई परतों की ढाल (मल्टी लेयर इंसुलेशन-एमएलआई) लगाई गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः रामास्वामी का ट्रंप को माफी व उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का वादा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी से दावेदारी कर रहे भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी ने वादा किया है कि यदि उन्हें मौका मिला तो वे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदर्शों को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति चुने जाने पर अपने कार्यकाल के पहले ही दिन ट्रंप को माफी का वादा भी किया।

एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार में रामास्वामी ने कहा कि उनके पास अपने साझा आदर्शों के इर्द-गिर्द इस देश को फिर से एकजुट करने का अवसर है।

उम्मीद जताई कि उन्हें डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अमेरिका फर्स्ट के एजेंडे को और आगे ले जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह और ट्रंप अगले साल राष्ट्रपति पद के लिए अमेरिका के दो पहले उम्मीदवार हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया के वे और ट्रंप 90 फीसदी से अधिक नीतियों को लेकर गहराई से जुड़े

हुए हैं, बस कुछ छोटे मतभेद हैं।

रामास्वामी ने कहा कि वह ट्रंप की नीतियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने अपने पूरे चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप की जमकर तारीफ की और वादा किया कि व्हाइट हाउस में उनके कार्यकाल के पहले दिन ही पूर्व राष्ट्रपति को किसी भी संभावित दोषसिद्धि से माफ कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रंप भी रामास्वामी की जमकर तारीफ कर चुके हैं। ट्रंप ने रामास्वामी को एक स्मार्ट युवा व्यक्ति करार दिया था।

नोबेल फाउंडेशन का यूटर्न, कड़े विरोध के बाद रूस-बेलारूस और ईरान से वापस लिया निमंत्रण

वाशिंगटन।नोबेल फाउंडेशन ने कड़े विरोध के बाद रूस, बेलारूस और ईरान को भेजा गया निमंत्रण वापस ले लिया है। दरअसल, नोबेल फाउंडेशन ने अन्य देशों की तरह इन तीनों देशों को भी इस साल के नोबेल पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। फाउंडेशन ने कहा कि स्वीडन में हो रहे कड़े विरोध के कारण निमंत्रण को वापस लेने का फैसला किया गया है।

यूक्रेन सहित कई लोगों ने किया विरोध

विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नोबेल फाउंडेशन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की। विज्ञप्ति में फाउंडेशन ने कहा कि रूस, बेलारूस और ईरान के राजदूतों को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। फाउंडेशन का कहना है कि जो देश नोबेल पुरस्कार के मूल्यों को साझा नहीं करते, हम उन्हें समारोह में शामिल नहीं कर सकते। सबसे पहले यूक्रेन ने तीनों देशों को आमंत्रित करने का विरोध किया था। वहीं, यूरोपीय संसद के एक

स्वीडिश सदस्य ने भी इस फैसले का विरोध किया और इसे अनुचित बताया।नोबेल फाउंडेशन ने बयान में कहा कि यह निर्णय इस आधार पर लिया गया कि नोबेल पुरस्कार जिन मूल्यों और संदेशों को बढ़ावा देता है, उसे हासिल करना महत्वपूर्ण और जरूरी है। जैसा कि पिछले साल रूस और बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ यूक्रेन के लोगों को शांति पुरस्कार दिया गया, जो रूसी युद्ध अपराधों के खिलाफ काम करते हैं। स्वीडिश प्रधानमंत्री और यूक्रेन के अधिकारियों ने फाउंडेशन के इस कदम का स्वागत किया है।

मध्य मार्ग दृष्टिकोण नीति तिब्बत व चीन दोनों पक्षों के लिए एक व्यावहारिक समाधानः मार्गरेटा एलिजाबेथ

धर्मशाला। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) ने मैकलोड़गंज स्थित मुख्य बौद्ध मठ चुगलाखंग में 63वां तिब्बती लोकतंत्र दिवस मनाया। इस मौके पर मॉडरेट पार्टी से स्वीडिश संसद की सदस्य मार्गरेटा एलिजाबेथ सीडरफेल्ट बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई।

स्वीडिश संसद सदस्य मार्गरेटा एलिजाबेथ सीडरफेल्ट ने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन सीटीए

आज यहां हैं। सांसद मार्गरेटा एलिजाबेथ सेडरफेल्ट ने कहा कि क्योंकि उन्होंने एक सक्रिय स्वीडिश तिब्बत मैत्री संसदीय समूह के अस्तित्व को स्वीकार किया, जिसका उद्देश्य विकास करना और स्वीडिश और तिब्बती संसदों के बीच संसदीय संबंधों को मजबूत रखना है। उन्होंने कहा कि हम तिब्बत और उसके लोगों के बारे में अधिक जानने और तिब्बती लोगों के साथ अपनी एकजुटता और समर्थन दिखाने के लिए सांसद संसद में बहस के दौरान तिब्बत का उल्लेख करते हैं और तिब्बत के समर्थन में बिल भी लिखते हैं।उन्होंने कहा कि मैं यह भी बताना चाहूंगा कि चीन तिब्बत और उसके लोगों के खिलाफ जो करता है वह स्वीकार्य नहीं है। वह अन्य देशों में सांसद के रूप में, इस स्थिति को उठाने के लिए बाध्य हैं। तिब्बत तिब्बती लोगों का है और तिब्बती लोगों को तिब्बती संस्कृति, परंपरा और तिब्बती जीवन शैली को बनाए रखने का अधिकार होना चाहिए। स्वीडिश सांसद ने निर्वासित तिब्बती लोकतंत्र की सराहना की, जिसकी परिकल्पना और शुरुआत परमपावन 14वें दलाई लामा ने की थी, जबकि उन्होंने चीन द्वारा तिब्बत में मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा की, जिसके परिणामस्वरूप तिब्बत में बड़ी संख्या में आत्मदाह हुआ।

उन्होंने कहा कि उन्होंने हिंसक सत्तावादी चीनी कम्युनिस्ट शासन के खिलाफ विरोध करने के लिए अपनी आखिरी शक्ति का इस्तेमाल किया है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से तिब्बती बच्चों को आत्मसात करने की बीजिंग की नीति को भी अस्वीकार कर दिया, जिसने लगभग दस लाख तिब्बती बच्चों को उनके परिवारों और परंपराओं से जबरन अलग कर दिया है।

पाकिस्तानः इमरान की पार्टी के अध्यक्ष परवेज इलाही दोबारा गिरफ्तार, हाई कोर्ट में दी चुनौती

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ उनके समर्थकों पर भी मुसीबत का पहाड़ गिर पड़ा है। उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पाकिस्तानी पंजाब प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने चौधरी परवेज इलाही पर पाकिस्तान के गुजरात शहर में 200 से अधिक विकास परियोजनाओं में बिचौलियों के माध्यम से एक अरब पाकिस्तानी रुपये से अधिक रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। शुरुआत में इलाही को गुजरात जिले के लिए घोषित विकास निधि के गबन से जुड़े सात करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में एक जून को

उनके घर के बाहर गिरफ्तार किया गया था। तब से वह विभिन्न आरोपों में जेल में बंद हैं। कोर्ट के आदेश के बाद पीटीआई अध्यक्ष को कई बार रिहा किया जा चुका है। हालांकि, हर बार उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।इस बार भी लाहौर हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो को चौधरी परवेज इलाही को रिहा करने का आदेश दिया था।सुनवाई के दौरान लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अमजद रफीक ने एनएबी को चेतावनी दी कि अगर इलाही को अदालत के सामने पेश नहीं किया गया तो अदालत जवाबदेही निकाय के महानिदेशक के खिलाफ वारंट जारी करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी की पूरी जांच की जाएगी। इलाही को अदालत में पेश किए जाने के बाद न्यायाधीश रफीक ने परवेज इलाही को तत्काल आधार पर रिहा करने के आदेश जारी किए।

इसके बाद इस्लामाबाद पुलिस ने उन्हें दोबारा गिरफ्तार कर अटक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। इस्लामाबाद ले जाए जाने के तुरंत बाद, इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर ने पाकिस्तान मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर (एमपीओ) के तहत उन्हें 15 दिनों के लिए हिरासत में लेने का आदेश दिया। इस्लामाबाद प्रशासन ने आदेश जारी किया और कहा कि चौधरी परवेज इलाही के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है क्योंकि वह पीटीआई के प्रमुख पदाधिकारी हैं।

गिरफ्तारी के बाद चौधरी परवेज इलाही ने शनिवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर के तहत अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इलाही ने अपने वकील अब्दुल रज्जाक के माध्यम से अपनी हिरासत को चुनौती दी।

कोटक ग्रुप में पीढ़ी परिवर्तनः भरोसे के निवेश ने कोटक को बनाया 'दिग्गज'

नई दिल्ली

देश में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े कर्जदाता कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर, उएड व टऊ उदय कोटक ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2023 को खत्म हो रहा था। उनकी जगह बैंक के जॉइंट एमडी दीपक गुप्ता अस्थायी CEO-MD होंगे। कोटक के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने लिखा,'1985 में नौजवान उदय मेरे पास निवेश का प्रस्ताव लेकर आए थे। तब मैं दुविधा में था। तब मैंने जो 1 लाख रुपए निवेश किए थे आज वो बढ़कर 2200 करोड़ रुपए हो गए हैं... यह फिनि?श लाइन नहीं है, उदय नया चैप्टर शुरू कर रहे हैं।' यहां और भी रोमांच हैं, मेरे दोस्त!

कोटक ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को हाथ से लिखा इस्तीफा सौंपा

'38 साल पहले मैंने मुंबई फोर्ट में 300 वर्गफुट जगह में 3 कर्मचारियों के साथ कोटक महिंद्रा बैंक की शुरूआत की। आज यह 5 देशों में मौजूदगी और 1 लाख कर्मचारियों के साथ शेयरहोल्डर्स के लिहाज से बहुत वैल्युएबल कंपनी है। मैंने अपने सपने को इस यादगार यात्रा में हर पल पूरी शिद्दत से जिया है। मैंने जेपी मॉर्गन व गोल्डमैन सॉक्स जैसे नामों को फाइनेंस इंडस्ट्री पर हावी होते देखा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।